# PHARMA दर्पण

Editor- Brejesh Garg | www.medicaldarpan.com | Monthly News Paper

B.N. Medical Complex, Bulandshahr (U.P.) Postal Reg. No. BSR 52/2023-2025 RNI UPBIL/2011/50248

Year 13 | Issue 3 | D.O.P. 20 January 2024 | Pages 16 | ₹ 10/- Copy | ✆ 09045029158, medicaldarpan.ctp@gmail.com



A WHO - GMP, ISO 9001:2015 Certified
Professionally Managed Pharmaceutical Mfg. Group

P2P Brand Producer for more than 85 Companies in PAN INDIA
Available CDSCO Approved Latest Molecules
Own Marketing of over 350 Formulations
Global Supply Through Direct Export & Merchant Export
COPP/Dossier Available
Recognised House for Quality Products
Timely Supplies & Customer Satisfaction

Dallas Pharma Group
Celebrating 25th Silver Jubilee Year

Invites
P2P Marketers
Professionals
Brand Promoters
Export Enquiries

Dallas Formulations Pvt. Ltd. | Dallas Drugs Pvt. Ltd.
25 Years of Excellence in Healthcare

Mfg. Plant : 144 & 156, DIC, Indl. Area, Baddi-173205 (Himachal Pradesh) INDIA
Phone : 0172-4641318, 92168-81326
Email : dallaspharmaceuticals@yahoo.com & business.dallaspharma.com
Visit us at : www.dallaspharma.com & www.dallasdrugs.org


## सर्दी और खांसी के कफ सिरप के इस्तेमाल पर लगा बैन

**दिल्ली:** भारत के दवा नियामक ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए एंटी-कोल्ड ड्रग कॉम्बिनेशन (सर्दी से बचाव वाली सम्मिश्रण दवाओं) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही आदेश दिया है कि दवाओं की लेबलिंग इसी के अनुसार की जाए। निर्धारित दवा संयोजन में क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन शामिल हैं। इसका इस्तेमाल अक्सर सामान्य सर्दी के लक्षणों के इलाज के लिए सिरप या गोलियों में किया जाता है। यह प्रतिबंध का फैसला दुनियाभर में 141 बच्चों की मौत के मद्देनजर लिया गया है।

– मनोज मिश्रा,
मो 9919247731.


work is workship

Our General Divisions
MERRIL | MESTRA | STERILE GENETICS

Third Party Enquiry Also Welcome
And many more ...
We have more then 250 products in our successfully running company.
For any query :- 9719839944

New Molecules available
Natural Progesterone 300mg SR Tab
Faropenem-200mg Tab.
Ambroxol+ Levocetrizine+ Montelukast
Trypsin+ Rutoside+ Bromeline+ Diclofenac
Sultamycillin-375mg Tab.
Rifaximin-400mg Tab.
Thiocolchicoside+ Aceclofenac+ Paracetamol
Medoxyprogesterone 10mg

Introduce New Derma Division

Emocare – A Neuro-Psychiatrist Division
NUECAD – Cardio-Diabetic division
Womana – Gyne-infertility division
BEAUKIN – (A Derma Division of Merril Pharma)

Piraciti-Plus – Citicoline 200mg + Piracetam 800mg Tab.
Metolip-ER 25/50 – Metoprolol Tartrate 25/50 (ER)
Gensure-Sachet – L-Arginine 3gm. + Proanthocyanidin 75 mg
Antihist-D – Desloratadine 10 mg.
Velpy-200/300/500 – Sodium Valproate With Valproic Acid
Nuepido-AS – Clopidogrel 75 mg +Aspirin 75 mg
Gensure-LC – L-Carnitine + Co-Enzyme + Astaxanthin + Piperin + Lycopene+ Zinc Sulphate
Tacroril – Tacrolimus Cream 0.03
Emofexine Tab. – Desvenlafaxine 50mg ER
Nuepido-Plus – Clopidogrel 75 mg +Aspirin 150 mg
NMPC-softgel/SR tab/ Inj. – Natural Micronised Progesterone B.P. 100/200/300 mg
Candigel – Luliconazole 1.0% w/w
Emofexine Plus -50 – Desvenlafaxine 50 mg + Clonazepam 0.5 mg
Tenzex-M – Teneligliptin 20mg + Metformin Hydrochloride 500mg
Gensure-F – Folic Acid, Inositol, L-Arginine, Selenium, Grape Seed Extract, Lycopene, Vitamins & Zinc
Eberil – Eberconazole 30 mg

Registered Office :- A-401/402, Empire Business Hub
Science City Road, Ahmedabad-380060 (Gujrat) - India
E-mail : order@mestrapharma.com, Website : www.mestrapharma.com
+91-9719839944



Lezaa Health Care | FAC | Lezaa Ayurveda | KareMed – A DIVISION OF LEZAA BIOTECH
More than 500+ Products Range

Lezaa Biotech®
AYURVEDIC & HERBAL FORMULATION
OWN MANUFACTURING UNIT CERTIFIED WITH GMP, ISO (9001-2015)
With the Wide Range of :
Tablets | Capsules | Liquids | Dry Syrup | Face Wash
Drops | Lotions | Gels | Ointments | Shampoos
Protein Powders | Ayurveda Products | Neutraceuticals
QUALITY MANUFACTURING OF AYURVEDA & HERBAL PRODUCT
+91 7027104999, +91 8059280999



Contract Research manufacturer
In Quality and state of Art sections of-

AYURVEDIC AYUSH MARK PRODUCTS
TABLET | CAPSULES | OIL | BHASMA | SYRUP
COSMECEUTICALS
SERUM | PSORIASIS | VITILIGO | SKIN CARE | HAIR CARE
ALLOPATHIC
TABLET | CAPSULE | OINTMENT
NUTRACEUTICALS

Rajani Healthcare Products
Office Address: Purva Complex, Sadashiv Peth Pune 411 030, Maharashtra India
Plant: E-18/1, Jejuri MIDC Tal: Purander Dist: Pune Maharashtra India 412 303, www.rajanipharma.com
pharma789@gmail.com, export.rhcp@gmail.com, info@rajanipharma.com, business@rajanipharma.com
+91 20 24471007 +91 20 24473132 +91 9823096996 +91 8793340533 +91 9168316618 +91 9604639665



Wide Range with
TABLETS | CAPSULES | DRY SYRUP | DIABETIC
LOTION | INJECTIONS | LIQUID | OINTMENTS
DENTAL | SHAMPOO | NUTRACEUTICALS | PROTEIN POWDER
OIL | EYE DROP | SOAP | CARDIAC
AYURVEDIC
More Than 700 Products

ZESTICA® Pharma
Plat No. 56, 57 & 58 Motia Plaza Baddi, Distt. Solan (H.P.) 173205
Phone No :- 9882007636, 9882130050, 9218504849, 9882844849
E-mail : zesticapharma@gmail.com. www.zesticapharma.com



MINAKSHI LABORATORIES (P) LTD.
Ayurvedic & Nutraceuticals
Capsules
Syrup & Sachet
Oil (Herbal & Cosmetic)
Powder – Protein Powder, Whey & Herbal Protein
External Preparation – Cream, Powder, Face Wash, Gel, Shampoo & Toothpaste
GMP – Good Manufacturing Practice – Quality Product

Shubham Arora
Director (Sale)
+91-9528089151

Comprehensive Formulation Facility
• Third Party manufacturing
• Export Inquiries for Regulated Markets
• PCD/Franchisee for unrepresented Area.
• Monopoly Business Rights.

Factory Address:
MINAKSHI LABORATORIES (P) LTD.
Plot No. 39, Sec-7, IIE SIDCUL, Haridwar, Uttarakhand
Email: shubhamarora1982@gmail.com,
minakshilaboratories@gmail.com

Lewis Bioserch® Pharma Pvt Ltd.
Expanding Horizons Enriching Life...
Our Divisions: Medilewis Biotech, Lewisveda, Lewvision Pharma
A Professionally Managed Pharma Company offers Monopoly Rights to market its products on Franchisee/PCD basis on State/District level all over India
TABLETS | CAPSULES | SYRUPS | INJECTIONS | EYE DROPS
PEDIATRIC SUSPENSION & DROPS | HERBAL PREPARATION
CREAMS, LOTIONS | GELS, OINTMENTS | SHAMPOO, SOAPS
NUTRACEUTICALS SYRUP, CAPSULES, TABLETS, SACHETS, PROTEIN POWDER, ENERGY DRINK, OEL
Third Party Manufacturing proposals invited.
Promotional inputs (Visual Aids, LBLs, Samples, Bags, Product Reminders, Gifts & other timely promos)
Parties looking for entire state URGENTLY CALL +91-95011 02131 Landline No: 0172-5033009
Trade Enquires are welcome for all over India on Franchise/PCD/ Monopoly basis
For further information, please write or contact us :
SCF- 313-314, 1st Floor, Motor Market, Manimajra, Chandigarh-160101
Email id: lewisbioserchpharma@gmail.com, Website: www.lewisbioserchpharma.com
Mfg Unit : LEWIB HEALTHCARE Plot no. 91, HSIIDC, ALIPUR, BARWALA, DISTT. PANCHKULA, HARYANA-134118. (A GMP Certified Company)

## प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा

सर्व विदित है कि आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी की भव्य मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सर्व विदित है कि सर्व समाज को जोड़ने के आशय से कार्यक्रम में सबकी सहायता ली जा रही है। इसी क्रम में मातृ संस्था-श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने दि दवा व्यापार मण्डल / फुटकर दवा व्यापार मण्डल, कानपुर से इस आयोजन में पधारने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करने हेतु कुछ दवाओं को सहायता के स्वरूप में मांगा है। कानपुर के समस्त थोक दवा व्यापारियों से आग्रह है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन हेतु दवाओं को दान देकर पुण्य-लाभ लें।

**- संजय मल्होत्रा, कानपुर, मो 708400000.**

## जुर्माना लगेगा

फूड लाइसेंस के न होने अथवा रिन्युवल न होने की स्थिति में अब 10 लाख रुपए तक के भारी आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है। सभी दवा व्यापरियों से अनुरोध है कि अपने फूड लाइसेंस की वैधता की जांच कर ले। किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर संस्था के पदाधिकारी से अविलंब संपर्क करें।**- सुमित पावा (मीडिया प्रभारी), मो 7860100001.**

www.medicaldarpan.com

TOP PCD PHARMA FRANCHISE COMPANY IN INDIA
Committed to Quality & Innovating Healthcare for all
ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY | WHO GMP CERTIFIED | 250+ Product Range | 250+ ASSOCIATES ALL ACROSS THE COUNTRY
WHO WE ARE?
Telethon Healthcare is India's leading Pharmaceutical Company involved in manufacturing and marketing of medicine. We are known for best PCD Pharma Franchise business opportunity Pan India.
Driven by Innovation Quality Pharma Products | Excellent team of Pharma Professionals Good Brand Value
WHAT WE OFFER?
The Company offers you an opportunity to be your own boss by starting your own business. Indian Pharmaceutical Industry is growing at the faster pace and so does the PCD Pharma Franchise business. Join us and be our pharma franchise partner in your region.
WHY US?
Prompt Delivery of Medicine Good Profit Margin | Promotional Support Distribution or Monopoly Rights
Trade Enquiries are welcome from all over India.
Telethon Healthcare
SCF -236 Second Floor Sector -13 Manimajra Chandigarh (U.T.) E-mail: telethohealthcare07@gmail.com
9780468889 9041237500

In Healthcare Service Continuously For 10 Years
KENSHRINE® HEALTHCARE
ACCORDING TO WHO GMP STANDARD
GMP CERTIFIED COMPANY
Start your OWN BUSINESS Today!
FOR PHARMA FRANCHISE OPPORTUNITY
CONTACT FOR MORE INQUIRY : 099813 82068, 74409 57468
HCG-Fertyn 5000 Injection (Chorionic Gonadotropin Injection I.P. 5000 IU)
Dydro-Ten 10 Tablet (Dydrogesterone-10 mg)
Flavoken-O Tablet (Flavoxate 200 mg Ofloxacin 200 mg)
Kenozyme Capsule
Klavrax Tablet (Clidinium Bromide - 2.5 mg Chlordiazepoxide - 5 mg)
Kendro-A Tablet (Drotaverine 80 mg Aceclofenac 100 mg)
ULZET-DSR Capsule (Esomeprazole - 40 mg Domperidone - 30 mg)
TABLETS | CAPSULES | DRY SYRUP/SUSPENSION | PROTEIN POWDER | OINTMENT/CREAM | INJECTABLE | MALT
117, 1st Floor, Meghreji Complex, B/H Hotel Navjivan, S.G. Highway, Near Sanand Chowkdi, Ahmedabad-382210
Registered Trade Mark® | Email : kenshrinehealthcare0968@gmail.com
WWW.KENSHRINEHEALTHCARE.COM
Dadu-G Malt
दवाईयों से बचाये इम्युनिटी बढ़ाये
हर मौसम में असरदार, हर उम्र के लिये

Work Is Workship.
Nothing Is Impossible
Everthing Is Possible

WHO GMP CERTIFIED
More than 500+ Products Range
ERIKA REMEDIES®
Erika Remedies Group of Companies
Best quality of efficiency Product we directly approved by WHO GMP
With the Wide Range of :
Tablets | Capsules | Liquids | Dry Syrup | Eye / Ear Drops
Drops | Lotions | Gels | Ointments | Shampoos
Protein Powders | Ayurveda Products | Neutraceuticals
Excellent Packing Like Alu-Alu, Blister & Strip Packing
Brand Promotional Input Like... Visual aid, Sample Catch covers, Visiting Cards, Product Literature, MR Bags, DCR Pad, Gifts
Trade Enquiries are Welcome for Third Party MFG. / PCD Franchises Distribution on Monopoly basis in PAN India.
Scan for more Information
Address : SCF -44, 1st Floor, Motor Market Manimajra Chandigarh - 160101
Website : www.erikaremedies.com
Email : erikaremedies@gmail.com
CONTACT US 9878488470, 8288019962

www.medicaldarpan.com

Naturally safe
AYURVEDIC AND HERBAL Formulations
NU ALTER
MANUFACTURER, SUPPLIER & TRADERS
OWN MANUFACTURING UNITS CERTIFIED WITH ISO, GMP AND WHO-GMP
Tablet | Capsule | Syrup | Dry Syrup | Spray | Ointment | Powder
SPECIAL OFFER 10% OFF LIMITED PERIOD
For manufacturing and Trade Inquiries
Plz Contact : 0172-5000295 8699038826 9799047262
NU ALTER HERBOVET
93, HSIIDC, Alipur, Barwala Haryana-134103
E-mail : altarhealth1@gmail.com
Web : www.nualtergroup.com
Quality manufacturing of Ayurvedic, Veterinary and Allopathic Products







## याबा टेबलेट्स की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी (असम)**– याबा टेबलेट्स की तस्करी का मामला सामने आया है। सिलचर क्षेत्र से 10 करोड़ रुपये कीमत की याबा टेबलेट समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा बलों ने आज सिलचर से 10 करोड़ रुपये कीमत की याबा टैबलेट के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, काशर पुलिस को प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की। इस कार्रवाई के तहत दोनों टीमों ने सिलचर के छपरा इलाके में तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के तहत पड़ोसी राज्य के एक वाहन को शक के आधार पर रोक लिया गया। वाहन की तलाशी लेने पर भारी मात्राा में दवाइयां बरामद की गई। जांच पर पता चला कि जब्त की गई दवाइयां याबा टेबलेट्स हैं। ये दवाइयां प्रतिबंधित हैं। इन बरामद की गई गोलियों की बाजारी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बतायी गई है। इन टेबलेट्स को तस्करी कर ले जा रहे पांच युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। तस्करी में इस्तेमाल किए गए वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ ने चालचापरा इलाके में असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा पर एक वाहन जब्त किया है। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित याबा टेबलेट्स बरामद की गई हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने वाहन में यात्रा कर रहे पांच लोगों को काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि याबा टेबलेट्स देश में अवैध हैं। दरअसल, इसमें मेथम्फेटामाइन होता है। यह प्रतिबंधित पदार्थ माना गया है।

अमृत और मृत्यु दोनों ही इस शरीर में स्थित हैं.
मनुष्य मोह से मृत्यु को व सत्य से
अमृत को प्राप्त होता है
जैसा मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर
दूसरे नये वस्त्रों को ग्रहण करता है, वैसे ही
आत्मा पुराने तथा वृद्ध शरीर को
त्यागकर नये शरीर को प्राप्त करती है.












## SIDHBALI FORMULATIONS
(A WHO-GMP Certified Company)

Kh. No. 215, Narsan Khurd, Roorkee, Haridwar (U.K.)

**APPROVED SECTIONS**

TABLETS
CAPSULES
LIQUID
OINTMENT
COSMETICS

**Contact For Export, Manufacturing & Franchise**

- New DCGI Molecules
- Latest Derma Cosmetics Range
- Medicated Soaps & Glycerine Soaps
- Medicated & Non-Medicated Shampoo
- Home Care & Personal Care
- Medicated & Herbal Toothpaste
- Different Change Part & Attractive Packaging

We have more than 1500 Approved Molecules

We Invited Loan Licence, Third Party Manufacturing, PCD & Export Query from all over India.

CONTACT NO: 9897016009, 9219711500, 9897056009, 9897042792


www.medicaldarpan.com


## 3RD PARTY MANUFACTURING
SOFT GELATIN CAPSULES
HPMC VEG. CAPSULES

AMSTER PHARMACRIT

WHO GMP Compliant
Best Quality Assured
COA Available
Branding Assistance
TradeMark Assistance
Attractive Packaging
Timely Delivery

Manufacturing & Marketing

More than 120 formulations approved as DRUG formulations in softgel section
Food supplements, Vitamins, Nutraceuticals, Food for Special Medical Purpose, Formulations as per FSSAI and ICMR guidelines

**Sections**

- All types of Tablets, Speciality- Effervescent Tablets
- Soft Gelatin Capsules, Drugs & Food Supplements
- Hard Gelatin Capsules & HPMC Veg Capsules
- Liquid Syrups & Suspensions
- Injectables, Dry & Liquid Injections
- Topicals Creams, Ointments, Gels, Rollon,
- Eye Drops & Nasal Spray, Metered /Regular both
- Nutraceuticals & Cosmaceuticals
- Ayurvedic formulations
- Protein Supplements

BUSINESS CONTACTS
9888181025
9569055975
amsterdirect@gmail.com

AMSTER PHARMACRIT
19/4, City Court, NH-22
Zirakpur [ Chandigarh ]
Works at Baddi ( H.P)



OMNI
## Herbal Acne®
CREAM • CAPSULE • FACE WASH
APPROVED BY AYUSH
for Glowing Skin

NOTE
REQUIRED DISTRIBUTOR IN VACANT AREAS

- त्वचा का कुदरती रंग निखारें।
- चेहरे का रंग साफ करके निखार लाएं।
- यह औषधि चेहरे पर होने वाले कील, मुहांसों, झाइयों, दाग-धब्बे, झुर्रियां कम करने में लाभदायक है।

REMOVES DARK SPOTS ON THE FACE
USEFUL IN PIMPLES, ACNE, HYPERPIGMENTED SKIN

नोट : बेहतर परिणाम हेतु Omni Herbal Acne Face Wash से मुँह धोकर क्रीम लगाएं तथा Omni Herbal Acne Capsule का सेवन करें।

OMNIPOTENT S PHARMACEUTICALS
Patel nagar, Kamiri Road, Hisar-125001 (HR) • Consumer Care No.: 98125-22181, 94160-42679
omnipotents_pharmaceuticals@yahoo.co.in • www.omnipotentspharma.com



## PALCO
Free consultancy and set up for old / new nursing home, medical center / hospitals, R&D LAB, educational science lab school, all industries lab with trunkey projects in pan India.

Contact : Mr. R.P. PAL / NEERAJ PAL
Call : 9891177191 / 8377951686
1802, FF, Electrical Market, Bhagirath Palace, Chandni Chowk, Delhi 110006


www.medicaldarpan.com

सफलता की यात्रा में धूप का बहुत बड़ा महत्व है क्योंकि छाव मिलते ही कदम रूकने लगते हैं।


## PHARMA FRANCHISE Opportunity
LAVISH BIOTECH

THIRD PARTY PHARMA MANUFACTURING Also Available

Attractive gift

Products Range

Tablets, Capsules, Softgels, Syrups, Ointments, Injections, Neutraceuticals, Dry Syrups, Eye/Ear Drops, Sachets, Protein Powder

Attractive Price, Timely Deliver, Attractive Packing, Promotional Material

ISO 9001
WHO GMP

LAVIVEDIC (A Division of Lavish Biotech)

Plot No. 132, Industrial Area, Phase-1, Panchkula-134113 (HR)
7743005711, 9888373750
lavishbiotech@gmail.com
www.lavishbiotech.com


www.medicaldarpan.com


## PCD COMPANY
ALWAISWIN
Herbal food and pharmaceutical products

Third Party Manufacturing

Best quality Best results

OUR PRODUCTS

Capsule | Tablet | Ointment | Powder | Syrup




Alwaiswin
Pharma india pvt. Ltd.
18-F First Floor, Big B-complex, Rotary Chowk Above SBI Bank
Baddi, Himachal Pradesh, Mob.: 7784849000










सफलता की यात्रा में धूप का बहुत बड़ा महत्व है क्योंकि छाव मिलते ही कदम रूकने लगते हैं।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने दुर्लभ रोगों की दवा को मंजूरी दी

**बेंगलुरु** – स्वास्थ्य मंत्रालय ने चार दुर्लभ रोगों के इलाज में चार 4 दवाओं के निर्माण को मंजूरी दी है। भारतीय दुर्लभ रोग संगठन (ओआरडीआई) ने मंत्रालय के इस फैसले को सराहा है। बता दें कि ये चार दुर्लभ रोग टायरोसिनेमिया-टाइप 1, गौचर्स रोग, विल्सन रोग और ड्रेवेट-लेनोक्स गैस्टॉट हैं। इन बीमा. रियों के इलाज के लिए भारत में ही चार दवाओं का निर्माण किया जा सकेगा। ओआरडीआई के सह-संस्थापक और कार्यकारी निदेशक प्रसन्ना शिरोल ने इस फैसले की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने चार दुर्लभ बीमारियों के इलाज में सहायता के लिए जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई हैं। यह सबसे बड़ी राहत है। इससे देशभर में दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को राहत मिलेगी। दुर्लभ बीमारी के रोगियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए इसी तरह की ऑफ-पेटेंट दवा को प्राथमिकता के आधार पर बनाना चाहिए। ओआरडीआई ने दुर्लभ बीमारियों के रोगियों के लिए सस्ती दवाओं तक पहुंच के लिए आवेदन दिए थे। इनमें से ज्यादातर दवाओं को आयात करना पड़ता है। उनकी कीमत भी ज्यादा होती है। इससे इलाज महंगा साबित होता है। मरीजों को देश के चुनिंदा अस्पतालों में ही विशेषज्ञों से सहायता चिकित्सा मिल पाती थी। ओआरडीओ ने कहा कि यह भारत में दुर्लभ बीमारी के रोगियों को दवा उपलब्ध कराने का प्रशंसनीय प्रयास है। कई लोग ज्यादा कीमत के कारण इन दवाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। यह देश के लाखों दुर्लभ रोग के रोगियों में आत्मविश्वास और आशा का संचार करेगा।भारतीय फार्मा कंपनियों को दुर्लभ रोग दवाओं के जेनेरिक संस्करण बनाने में सहायता करने का कार्य 2022 में शुरू हुआ था। इसके लिए फार्मा कंपनियों और सीडीएससीओ और फार्मास्यूटिकल्स विभाग के साथ कई दौर की वार्ता हुई। इसके बाद सिकल सेल एनीमिया के साथ-साथ 13 दुर्लभ बीमारियों को प्राथमिकता दी गई। दवा निर्माताओं और औषधि महानियंत्रक के साथ बातचीत हुई। तब इन दवाओं को मंजूरी दी गई और इनकी कीमतें कम की गई।

**work is workship**

गिनो ना सफर में कितनी मुश्किल आयीं हैं, मुश्किलें गिनकर यहां किसने मंजिल पायी है.

www.medicaldarpan.com















www.medicaldarpan.com





## पांच सौ से ज्यादा दवाओं के बढ़ेंगे दाम, आपकी जेब पर पड़ेगा असर

**मुंबई–** प्राप्त समाचार अनुसार पांच सौ से ज्यादा दवाइयों की कीमतों में बढ़ोतरी होने जा रही है। इससे आमजन की जेब पर असर पडना तय है। फार्मास्युटिकल कंपनी फाइजर, सनोफी और टेकेडा फार्मास्युटिकल नए साल के शुरू में ही अमेरिका में 500 से अधिक दवाओं की कीमतें बढ़ाएंगी। बिडेन प्रशासन द्वारा सितंबर में 10 उच्च लागत वाली दवाओं के लिए काफी कम कीमतों के प्रकाशन के लिए दवा उद्योग की तैयारी और बढ़ती मुद्रास्फीति और विनिर्माण लागत के साथ उद्योग की चल रही लड़ाई के बीच यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम के प्रावधान की प्रत्याशा में मूल्य वृद्धि हो रही है। यह स्वास्थ्य कार्यक्रम को 2026 में शुरू होने वाली कुछ दवाओं की कीमतों में वृद्धि के संकेत देता है। वहीं, मध्य पूर्व में विस्तारित संघर्ष के कारण संभावित आपूर्ति श्रृंखला अवरोधों के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। इससे लाल सागर के माध्यम से शिपिंग मार्गों पर प्रभाव पड़ सकता है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन समेत अन्य तीन कंपनियां कम से कम 15 दवाओं की कीमतें कम करने के लिए तैयार हैं। ये कटौती इंसुलिन के लिए कीमतों में कमी की प्रवृत्ति का अनुसरण करती है। बता दें कि कई कंपनियों ने इस साल की शुरुआत में कटौती की घोषणा की थी। 3 एक्सिस के अध्यक्ष एंटोनियो सियाकिया का कहना है कि मुद्रास्फीति और नई अमेरिकी दवा मूल्य वार्ता नीति के बावजूद, पिछले पांच वर्षों में दवा निर्माताओं का व्यवहार देखा गया है। इसमें 2019 के बाद से औसत मूल्य में लगभग 5 फीसदी की वृद्धि हुई है। फाइजर जनवरी में सबसे योजनाबद्ध मूल्य वृद्धि के साथ पैक का नेतृत्व करता है। इससे 124 अद्वितीय दवा ब्रांड प्रभावित होते हैं। इसके होस्पिरा डिवीजन के माध्यम से 22 ब्रांडों के दाम बढ़ सकते हैं। टेकेडा की बक्सल्टा और बेल्जियम की दवा कंपनी यूसीबी फार्मा क्रमशः 53 और 40 योजनाबद्ध मूल्य वृद्धि के साथ अनुसरण करती है। फार्मा सनोफी, 2024 के लिए अपने अधिकांश इंसुलिन उत्पादों की कीमतें कम करने के बावजूद, जनवरी में टाइफाइड बुखार, रेबीज और पीले बुखार के टीकों की कीमतों में 9 प्रतिशत की वृद्धि करेगी। गौरतलब है कि दवा निर्माता आमतौर पर हर साल जनवरी माह में ही मूल्य वृद्धि की घोषणा करते हैं। साल 2023 के शुरू में भी 1,425 दवाओं की कीमतों में वृद्धि हुई थी। बता दें कि स्थापित दवाओं की कीमतों में मामूली वृद्धि और नई दवाओं की लागत में वृद्धि ही देखने में मिर्ली है। 2022 में नई दवाओं की कीमतों का औसत +220,000 था। यह 2021 की पहली छमाही में लगभग +180,000 से मुकाबले अच्छा उछाल माना जा सकता है।

## सरकार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए नियामक बनाने पर विचार कर रही है ताकि सभी को बीमा की सुविधा मिल सके

**नई दिल्ली:** सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक नियामक स्थापित करने की संभावना तलाश रही है, जो सभी नागरिकों के लिए किफायती स्वास्थ्य बीमा कवरेज की सुविधा भी प्रदान करेगा। दो वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस क्षेत्र के लिए नियामक की आवश्यकता पर वित्त और स्वास्थ्य मंत्रालयों के बीच प्रारंभिक चर्चा हुई है। सरकार का मानना है कि सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, स्वास्थ्य बीमा की पहुंच बढ़ाने और इसे किफायती बनाए रखने के लिए अधिक केंद्रित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय बीमा एजेंसीकी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 400 मिलियन से अधिक व्यक्ति, या लगभग एक तिहाई आबादी, कम पहुंच, कवरेज की अपर्याप्तता और बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत के कारण स्वास्थ्य बीमा से वंचित है। घटनाक्रम से अवगत एक अधिकारी ने कहा, उपचार लागत के मानकीकरण और स्वास्थ्य दावों के निपटान जैसी कई चुनौतियां और अवसर हैं, जिनका समाधान स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में एक क्षेत्रीय नियामक द्वारा किया जा सकता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग अब एक विस्तृत योजना और संभावित स्वास्थ्य नियामक की भूमिका पर चर्चा करने के लिए बीमा कंपनियों सहित सभी हितधारकों की बैठक बुला सकता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा, स्वास्थ्य नियामक राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज के दायरे को और व्यापक बना सकता है तथा उसे उद्योग निगरानी संस्था की तरह कार्य करने के लिए अधिक शक्तियां सौंपी जा सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इनमें से कुछ सुझाव प्रारंभिक हैं। जनवरी 2019 में, सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के रूप में पुनर्गठित किया था, जो भारत की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन योजना आयुष्मान भारत को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) उन बीमा कंपनियों को नियंत्रित करता है जो अन्य उत्पादों के साथ स्वास्थ्य कवर प्रदान करती हैं। स्वास्थ्य बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण वर्तमान में बाजार द्वारा निर्धारित किया जाता है, लेकिन पॉलिसी शर्तों और दावा प्रतिबंधों और सीमाओं में बीमा कंपनियों के बीच व्यापक भिन्नता है। स्वास्थ्य नियामक कुछ मानकीकरण लाने और लागत कम करने में मदद कर सकता है। NHA ने स्वास्थ्य दावों की अंतर-संचालन क्षमता को सक्षम करने के लिए एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज (HCX) विकसित किया है। HCX भुगतानकर्ताओं, प्रदाताओं, लाभार्थियों और नियामकों सहित विभिन्न अभिनेताओं के बीच दावों से संबंधित जानकारी के आदान-प्रदान के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में भी कार्य करता है। अक्टूबर में, वित्त मंत्रालय ने सामान्य बीमा कंपनियों के साथ एक बैठक की और यह निर्णय लिया गया कि बीमाकर्ता स्वास्थ्य बीमा के विकास को बढ़ावा देने के लिए कैशलेस सुविधाओं को बढ़ाने और उपचार लागत को मानकीकृत करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ सहयोग करने पर विचार करेंगे। एक बयान में, वित्त मंत्रालय ने उल्लेख किया था कि बीमाकर्ता राज्य बीमा योजनाओं के तहत राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि प्रवेश और कवरेज बढ़ाया जा सके और धोखाधड़ी को रोकने या कम करने के लिए CIBIL स्कोर से धोखाधड़ी को जोड़ने का पता लगाया जा सके। IRDAI ने 2047 तक सभी के लिए बीमा को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जहां हर नागरिक के पास उचित जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति बीमा कवरेज हो।

## मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद

**सिरसा–** गांव केहरवाला में एक मकान में चलाए जा रहे एक मेडिकल स्टोर पर पुलिस ने रेड की। पुलिस टीम ने यहां से प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की। पुलिस टीम के साथ आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक व उसके परिजनों ने हाथापाई कर डाली। आरोपियों द्वारा पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़े जाने की भी बात कही जा रही है। पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक विनोद कुमार, पत्नी राजेश्वरी, दलीप, वेदपाल सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जीवन. नगर चौकी इंचार्ज विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस की टीम ढुढियांवाली बस स्टैंड क्षेत्र में गश्त पर थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव केहरवाला में एक व्यक्ति घर में मेडिकल स्टोर चला रहा है। वह अपने स्टोर पर नशीली व प्रतिबंधित दवाइयां बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक नकली ग्राहक को 500 रुपये का नोट देकर उक्त मेडिकल पर भेजा। नकली ग्राहक ने उक्त स्टोर पर गोलियां व कैप्सूल खरीदे। मेडिकल स्टोर संचालक ने बिना पर्ची के ग्राहक को प्रतिबंधित नशीली 30 गोलियां व कैप्सूल दे दिए। ग्राहक के इशारे पर पुलिस ने मौके पर रेड की। मेडिकल स्टोर संचालक विनोद कुमार ने पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसी समय आरोपी को दबोच लिया। मौके पर विनोद के परिजन भी आ गए। उनमें से एक व्यक्ति ने खुद को दिल्ली पुलिस का अफसर बताते हुए पुलिस कर्मियों के साथ गलत बर्ताव किया। उक्त लोगों ने विनोद को छुड़वाने की कोशिश करते हुए पुलिस टीम के साथ हाथापाई की। आरोपियों ने जीवन नगर चौकी इंचार्ज विनोद कुमार की वर्दी के बटन तोड़ दिए। दिल्ली पुलिस के कर्मचारी दलीप ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। रानियां थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अभी किसी के गिरफ्तार किए जाने की खबर नहीं है।







www.medicaldarpan.com




## सीडीएससीओ का ड्रग अलर्ट, दवाओं के सैंपल फेल

**सोलन–** सीडीएससीओ ने ड्रग अलर्ट जारी किया है। इसमें बताया गया है कि 64 दवाओं के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। सैंपल फेल वाली 14 दवाइयां हिमाचल प्रदेश में बनीं हैं। अगर आप किसी रोग से ग्रसित हैं तो दवा का सेवन करने से पहले सावधानी बरतनी जरूरी है। कहीं ऐसा न हो कि आप सैंपल फेल वाली दवाओं का सेवन कर लें। इससे आपको फायदा मिलने के बजाए सेहत में नुकसान हो सकता है। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने देशभर में 1197 दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे थे। इनमें से कुल 64 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश में बनीं दवाओं की संख्या 14 है। इन 14 दवाओं में भी 13 दवाओं का उत्पादन प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में हुआ है। प्रदेश में जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, उनमें कैंसर, हार्ट अटैक, बुखार, एंटीबायोटिक, विटामिन व कैल्शियम इत्यादि की दवाएं शामिल हैं। हिमाचल राज्य दवा नियंत्रक बद्दी नवनीत मारवाह काक हना है कि संबंधित उद्योगों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए हैं। जिन उद्योगों के सैंपल फेल हुए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन उद्योगों के बार-बार सैंपल फेल हो रहे हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीडीएससीओ के अनुसार बोनसाई फार्मा बद्दी की दवा सैफ्किसिम अजिथ्रोमाइसिन का बैच नंबर जेयूएन-23102, फेल मिला है। इसके अलावा, हिलिरियस लैब बद्दी की दवा पैरासिटामोल-500एमजी का बैच नंबर पीआरएस 520 भी फेल हुआ है। ईजी फार्मास्युटिक्ल बद्दी की दवा ओन्डेंसेट्रोन इंजेक्शन का बैच नंबर आईओएन-10869, मैक्सटर बायो-जेनिक्स बद्दी की दवा एल्बेंडाजोल टैबलेट का बैच नंबर एमएस1एओ2205। इनके अतिरिक्त बॉयोजेंटा लाइफसाइंस ऊना की दवा हाईड्रोक्लोराइड इंजेक्शन का बैच नंबर ओएल23085, कान्हा बॉयोजैनेटिक बद्दी कैल्शियम व विटामिन डी3 अन्लैबल्ड, माया बॉयोटैक बद्दी की दवा डोबुटामाइन इंजैक्शन का बैच नंबर एएलवाई038, एफ्फी फार्मा के पैंटाप्रोजोल व कैल्शियम दवा अन्लैबल्ड भी पास नहीं हुआ। वहीं, सैलुस फार्मास्युटिकल की दवा डिफेनहाईड्रामाइन हाईड्रोक्लोराइड का बैच नंबर एमएल220730, यूएसवी प्राईवेट बद्दी की दवा फेनोफाइब्रेट कैप्सूल का बैच नंबर 28022587, मनीश फार्मास्युटिकल बद्दी की दवा हाईड्रोक्लोराइड फॉलिक एसिड का बैच नंबर डीओएफएम2202, एएनजी लाइफ साइंस की दवा फेनोफाइब्रेट कैप्सूल का बैच नंबर टी032023 व टी032022 शामिल है।

## कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सस्ती और कारगर होगी नई वैक्सीन

**न्यूयॉर्क–** कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए नई वैक्सीन का आविष्कार किया गया है। यह वैक्सीन कम दाम में और कारगर साबित होगी। बता दें कि शोधकर्ताओं ने एक नई वैक्सीन विकसित की है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह नई वैक्सीन गेम-चेंजर हो सकती है। यह खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने की एक सस्ती तकनीक है। खराब कोलेस्ट्रॉल से खतरनाक प्लाक का निर्माण होता है। इससे शरीर के अंदर रक्त वाहिकाएं अवरुद्ध हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, उच्च कोलेस्ट्रॉल से हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम बढ़ता है। दुनियाभर में हृदय संबंधी बीमारियों से हर साल करीब 18 मिलियन लोगों की मौत हो जाती है। एनपीजे वैक्सीन्स जर्नल में प्रकाशित एक पेपर में विस्तार से बताया गया है कि नए टीकों ने एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को पीसीएसके9 इनहिबिटर नामक महंगी श्रेणी की दवाओं के समान ही प्रभावी ढंग से कम किया है। न्यू मैक्सिको विश्वविद्यालय (यूएनएम) में आणविक आनुवंशिकी और सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में प्रोफेसर ब्रायस चाकेरियन के अनुसार वे एक और दृष्टिकोण विक. सित करने की कोशिश में रुचि रखते हैं। यह कम महंगा होगा और अधिक व्यापक रूप से लागू होगा। यह दुनियाभर के उन क्षेत्रों में लाभदायक साबित होगा, जहां महंगे इलाज को सहन करने के लिए संसाधन नहीं हैं। यूएनएम डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनल मेडिसिन के उपाध्यक्ष और प्रोफेसर, हृदय रोग विशेषज्ञ अविनाश आचरेकर का कहना है कि प्रोटीन को अवरुद्ध करने के लिए दो बार मासिक इंजेक्शन उनके खराब कोलेस्ट्रॉल को लगभग 60 प्रतिशत तक कम कर देते हैं। वे महंगे हैं और प्राथमिक देखभाल चिकित्सक या हृदय रोग विशेषज्ञ से पूर्व प्राधिकरण की जरूरत होती है। इसे और अधिक किफायती बनाने के लिए टीम ने एक नया टीका बनाया है। यह वैक्सीन एक गैर-संक्रामक वायरस कण पर आधारित है। यह सिर्फ एक वायरस का खोल है। यह पता चला है कि वायरस के उस खोल का उपयोग सभी प्रकार की विभिन्न चीजों के खिलाफ टीके विकसित करने के लिए किया जा सकता हैं। चाकेरियन ने कहा कि उन्होंने पीसीएसके9 प्रोटीन के छोटे टुकड़ों को इन वायरस कणों की सतह पर चिपका दिया। यह प्रतिरक्षा प्रणाली इस प्रोटीन के खिलाफ वास्तव में मजबूत एंटीबॉडी प्रतिक्रिया बनाती है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में शामिल है। जानवरों पर इस वैक्सीन का इस्तेमाल किया गया। उनमें कोलेस्ट्रॉल के स्तर में 30 प्रतिशत तक की भारी कमी देखी है। इसका संबंध हृदय रोग के कम जोखिम से होगा।पिछले 10 वर्षों में, इस टीके का चूहों और बंदरों पर परीक्षण किया गया है। इसके परिणाम आशाजनक रहे हैं। अब इस वैक्सीन को मनुष्यों के लिए बनाने के लिए समय और काफी धन की जरूरत होगी। यह वैक्सीन शुद्ध, सुरक्षित और किफायती होगी। शोधकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि अगले 10 सालों में यह वैक्सीन बाजार में उतारने में कामयाबी मिल जाएगी।

## मेडिकल स्टोर की जगह चलता मिला क्लीनिक, लाइसेंस किया कैंसिल

**पटना–** दानापुर मुख्य मार्ग पर मेडिकल स्टोर के स्थान पर क्लीनिक चलता मिला। जांच करने के बाद चांदसी क्लीनिक के नाम जारी दवा विक्रय का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। यह कार्रवाई सहायक औषधि नियंत्रक ने की। बता दें कि इस संबंध में राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव की ओर से शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच करने पर आरोप सही पाए गए। इस आधार पर उक्त क्लीनिक का लाइसेंस रद कर दिया गया है। जानकारी अनुसार, दीघा-दानापुर मुख्य मार्ग पर स्थित एक दवा बिक्री की दुकान पर लगे बोर्ड पर चांदसी फार्मा की जगह क्लीनिक लिखा हुआ था। दुकान पर कोई फार्मासिस्ट भी कार्यरत नहीं था। न ही प्रतिबंधित दवाओं के बिल व रजिस्टर रखे गए थे। हैरत की बात तो यह है कि इस क्लीनिक पर पिछले करीब 20 सालों से गंभीर रोगों का इलाज किया जाता रहा। यहां इलाज करने वाले डॉक्टर के पास कोई वैध डिग्री भी नहीं थी। यहां इलाज करने वाले डॉक्टर के पास एमबीबीएस, एमडी-एमएस की कोई डिग्री नहीं थी। इसके बजाय बैचलर ऑफ मेडिसिन, बैचलर ऑफ सर्जरी (बीएमबीएस) की डिग्री थी। जब इस बारे दुकान संच. ालक से पूछा गया तो उसने बहाना बनाया कि दीपावली के दौरान साफ-सफाई चल रही थी। उसकी तबीयत खराब थी। इस कारण बिल व कैशमेमो इधर-उधर हो गया। जिसे अब वो दिखा पाने में असमर्थ है। दुकान संचालक ने जांच टीम को बताया कि दुकान का बोर्ड आजकल में लगाने वाले हैं। उसने सफाई दी कि ग्रामीण चिकित्सा कार्य के लिए उसे बिहार सरकार से आरएमसी प्रमाणपत्र मिला हुआ है। इस प्रमाण पत्र के आधार पर ही वह प्राथमिक इलाज का कार्य करता है। उसके इस जवाब से सहायक औषधि नियंत्रक संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर तत्काल प्रभाव से लाइसेंस रद कर दिया। इसी के साथ उन्होंने दवा की बिक्री करने पर रोक लगा दी।









## हेल्दी ब्रेकफास्ट कंट्रोल कर सकता है पीएमएस के लक्षण

मूड स्विंग्स, क्रैंप्स और ब्लोटिंग ये वे समस्याएं हैं, जिनका ज्यादातर महिलाओं को मेंस्ट्रुअल पीरियड से पहले और उस दौरान सामना करना पड़ता है। पर विशेषज्ञ मानती हैं कि अगर ब्रेकफास्ट में हेल्दी मील ली जाए तो इसे बहुत हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। प्री-मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम या पीएमएस के दौरान महिलाएं तमाम परेशानियों से रूबरू होती हैं। इससे बचने के लिए कुछ महिलाओं को दवाइयों अथवा थेरेपी तक का सहारा लेना पड़ जाता है। आजकल फास्टिंग का चलन भी बढ़ा है। कुछ प्रयोग के तौर पर, तो कुछ बीमारियों को ठीक करने के लिए उपवास कर रही हैं। कोई सुबह का नाश्ता, तो कोई दोपहर का लंच छोड़ रही हैं। लेकिन, जब बात हो प्रीमेन्स्ट्रुअल सिंड्रोम की, तो क्या भोजन स्किप करना ठीक है? विशेष रूप से सुबह का नाश्ता, जो पीएमएस के प्रभावों से सीधा ताल्लुक रखता है। स्टडीज से पता चलता है कि सुबह का नाश्ता पीएमएस के लक्षणों को कम कर सकता है। आइए जानें कि आखिर किस तरह ब्रेकफास्ट पीएमएस के दौरान खास भूमिका अदा करता है। **प्री-मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम**- सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर प्री-मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम (Premenstrual Syndrome) होता क्या है? मेंस्ट्रुएशन के दौरान महिलाओं में हार्मोनल बदलाव से होने वाली समस्या को प्री-मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम कहते हैं। पीरियड्स शुरू होने के पहले हर महिला में शारीरिक और भावनात्मक बदलाव होते हैं, जिसके चलते उनको मूड स्विंग, डिप्रेशन, चिड़चिड़ापन, दर्द, सूजन, ज्यादा ब्लीडिंग, थकावट जैसी परेशानियां हो जाती हैं। यह दिक्कतें मेंस्ट्रुएशन के कुछ दिनों पहले या उसके दौरान भी हो सकती हैं। हर महिला में पीएमएस के लक्षण अलग-अलग होते हैं। **प्री-मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम एवं भूख का संबंध** प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम के दौरान हार्मोन तेजी से बदलते हैं, जिसकी वजह से कई बार भूख कम होने लगती है। कुछ खाने को मन नहीं करता। वहीं कभी-कभी कुछ महिलाओं में भूख बढ़ भी सकती है। **भूल कर भी स्किप नहीं करें नाश्ता** (don*t forget to have breakfast)पीएमएस में सुबह का नाश्ते सबसे अहम है, जो कि सीधे-सीधे पीएमएस के लक्षणों पर प्रभाव डालता है। नाश्ता नहीं लेने से आपके ब्लड में शुगर लेवल असंतुलित हो सकता है। साथ ही पीएमएस को ट्रिगर करने वाला सेरोटीन हार्मोन घट जाता है। इससे दिक्कतें बढ़ जाती हैं। इसलिए कुछ भी हो जाए, आप सुबह का नाश्ता स्किप करने की भूल नहीं करें। पीएमएस में सुबह का नाश्ते सबसे अहम है, जो कि सीधे-सीधे पीएमएस के लक्षणों पर प्रभाव डालता है। जापान में 18 से 20 आयु वर्ग की करीब 450 महिलाओं के ग्रुप पर हुए अध्ययन में पीएमएस के दौरान नाश्ता न करने और मेंस्ट्रुएशन के दर्द (जो पीरियड शुरू होने से पहले भी हो सकता है) के उच्च स्तर के बीच सीधा संबंध पाया गया। जिन महिलाओं ने नाश्ता नहीं किया था, उन्हें मेंस्ट्रुएशन के दौरान तेज दर्द हुआ। साथ ही पीरियड संबंधी अन्य विकारों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। **पीरियड ट्रैकर**- पीएमएस के लक्षणों में कमी लाता है हेल्दी ब्रेकफास्ट (breakfast reduces pms symptoms) सेरोटीन हार्मोन पीएमएस के मानसिक और भावनात्मक लक्षणों को कम करता है। नाश्ता करने से आप इसे बढ़ाकर पीएमएस के लक्षणों को कम कर सकती हैं। इसके विपरीत अगर आप नाश्ता नहीं करती हैं, तो यह हार्मोन घट जाता है और पीएमएस संबंधी दिक्कतें बढ़ जाती हैं। सेरोटीन आंतों के लिए भी अच्छा है। कुछ महिलाओं में मेंस्ट्रुएशन से पहले डायरिया या कॉन्स्टिपेशन जैसी परेशानियां हो जाती हैं। ऐसे में सेरोटीन-अनुकूल नाश्ता पीरियड के दौरान पेट की परेशानी को मैनेज करता है। **सेरोटीन**-अनुकूल नाश्ता पीरियड के दौरान पेट की परेशानी को मैनेज करता है। निाश्ते में आपको क्या खाना है इसका ख्याल भी रखना होगा। नाश्ता हल्का, लेकिन फाइबर से भरपूर हो। सब्जियों वाला दलिया, ओट्स,शकरकंद, सूप आदि ही इस दौरान लें। कार्बोहाइड्रेट की मात्रा वाला नाश्ता सबसे अच्छा होगा। फाइबर युक्त चीजें आपके इंसुलिन स्तर को संतुलित रखने में मदद करती हैं जिससे मूड भी बेहतर रहता है।




**गिनो ना सफर में कितनी मुश्किल आयीं हैं, मुश्किलें गिनकर यहां किसने मंजिल पायी है.**









## क्षणिकाएं

किसी की ना मानना,
होता जा रहा कायदा
पता नहीं भैया,
क्या हो रहा फायदा।
हर प्रयास को,
समझ पाईए।
अच्छा लगे तो,
उत्साह बधाईए।
पलों का
हिसाब मत लो।
पलों को
बस जीते चलो।
खंडहर पर धूल,
चढ़ा पाया जाता है।
समय हर जीत को,
भुला ही पाता है।
क्रोध को,
संभालिए।
केवल,
मुस्कुराइए।
कभी कुछ पल,
एकांत में बिताईए।
मन का द्वंद,
काम करते जाईए।
छोटी चीजों में,
खुशियों को पाओ।
जीवन को लगातार,
खुशनुमा बनाओ।
सीमा के प्रहरी,
तुम्हें सलाम।
तुम रख रहे हो,
भारत का नाम।
यदि मरीज बच गया,
तो डॉक्टर भगवान,
यदि मरीज मर गया,
तो डाक्टर शैतान।
पता नहीं कब,
डॉक्टर को समझेंगे इंसान।
मानव आता है,
मानव जाता है।
पलों का हिसाब,
लगा नहीं पाता है।
आना तय हैं,
जाना तय हैं।
लौट के आने पर,
सदा संशय है।
विपरीत में,
शांत हो जाओ।
स्थितियों को,
अनुकूल बनाओ।
हंसी,
तो आई।
गम,
न छुपा पाई।
कभी तो,
मुस्कुराओ।
खुशियों को,
फैला पाओ।
मकान तो,
बन गया।
घर नहीं,
बन पाया।

– डॉ नरेन्द्र नाथ लाहा,
ग्वालियर (म प्र)
मो 9753698240.




## सीएम फ्लाइंग ने मेडिकल स्टोर पर रेड

**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)**– सीएम फ्लाइंग टीम ने सतनाली चौक स्थित मेडिकल स्टोर पर रेड की। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल व एमटीपी किट मिले। छापेमारी के दौरान स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा। बता दें कि सीएम फ्लाइंग टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सतनाली चौक स्थित श्री श्याम मेडिकल स्टोर पर नशीले कैप्सूल व एमटीपी किट बेची जाती है। सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। इस टीम में सीएम फ्लाइंग की ओर से एएसआई सचिन कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, नारनौल नागरिक अस्पताल के डॉक्टर कंवर सिंह, डॉक्टर मनीष शामिल रहे। इनके अलावा, पुलिस की तरफ से उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुशीला देवी व अन्य अधिकारी शामिल रहे। टीम श्री श्याम मेडिकल स्टोर पर निरीक्षण के लिए पहुंची। मौके पर मेडिकल स्टोर पर गांव खायरा निवासी मालिक दीवान सिंह मिला। मेडिकल स्टोर में जांच करने पर 386 नशीले कैप्सूल मिले। इसके अलावा 9 एमपीटी किट भी मिली, जो गर्भपात करने के काम में इस्तेमाल होती है। टीम को इस मेडिकल स्टोर का लाइसेंस भी नहीं मिला है। श्री श्याम मेडिकल स्टोर पर छापामारी की खबर सुनकर आसपास के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों में हडकंप मच गया। कई दवा दुकानदार अपने प्रतिष्ठान बंद कर चलते बने। इस संबंध में सिटी पुलिस थाने में मामला दर्ज करवा दिया गया है।

## एस्ट्राजेनेका फार्मा ने कैंसर की दवा बनाने वाली कंपनी ग्रेसेल को खरीदा

**नई दिल्ली**– एस्ट्राजेनेका फार्मा ने कैंसर के इलाज की दवा बनाने वाली चाइनीज कंपनी सेल थेरेपी डिवेलपर ग्रेसेल बायोटेक्नोलॉजीज को खरीद लिया है। बताया जा रहा है कि इस कंपनी का अधिग्रहण 1.2 अरब डॉलर में हुआ है। इस डील के जरिये एस्ट्राजेनेका फार्मा मेडिकल इनोवेशन को बढ़ावा देगी। जानकारी अनुसार डील के तहत एस्ट्राजेनेका शंघाई की कंपनी ग्रेसेल को 2 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से खरीदेगी। इस तरह कुल 1 अरब डॉलर कैश का भुगतान किया जाएगा। फार्मा कंपनी की तरफ से बताया गया है कि वह कुछ रेगुलेटरी शर्तों को पूरा करने के बाद अतिरिक्त शेयरों को भी खरीदेगी। इस तरह डील की कुल वैल्यू 1.2 अरब डॉलर हो जाएगी। बता दें कि चीन एस्ट्राजेनेका के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। इस कंपनी के लिए सबसे बड़ा बाजार अमेरिका है। एस्ट्राजेनेका के अधिकारी पास्कल सोरियट ने पहले कहा था कि फर्म चीन के मेडिकल इनोवेशन का लाभ लेने के लिए वहां की कई कंपनियों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। ग्रेसेल के शेयरों की परफॉर्मेंस काफी अच्छी है। इस साल कंपनी के शेयरों में अब तक तकरीबन 170 पर्सेंट का चढ़ाव दिखाई दिया है।









# जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| SHRI PRASAD SADASHIV GUNJAL JI | PUNE | 20/01/1982 | 9766917763 |
| SHRI RAGHUVEER SINGHAL JI | ALWAR | 20/01/1962 | 9461192653 |
| SHRI MAHESH PATIL JI | JALGAON | 20/01/1973 | 9403810839 |
| MILIND BABURAO CHOUGULE | BELGAUM | 23/01/1987 | 9437210677 |
| DR.KIRAN S. SANKPAL JI | BELGAUM | 25/01/1961 | 9448194167 |
| SHRI ASHWANI MANGAL JI | DHAULPUR | 25/01/1970 | 9680407979 |
| SHRI SHASHI BHUSHAN JI | PRATAPGARH | 26/01/1920 | 9415957687 |
| SHRI PRAKASH G. PAWAR JI | NASHIK | 26/01/2020 | 9850581928 |
| SHRI AMIT JAIWAL JI | AHMEDABAD | 28/01/1978 | 9574002849 |
| SHRI RAJ KUMAR JI | ETAH | 29/01/1975 | 9412181907 |
| VANDANA JI | PUNE | 30/01/1979 | 9552667622 |
| SHRI NITIN V. CHAUDHRI JI | JALGAON | 31/01/1973 | 9923954777 |
| SHRI NITIN U. MAHAJAN JI | JALGAON | 01/02/1968 | 9921809899 |
| SHRI SWAPNIL DEORE JI | NASHIK | 01/02/1988 | 9923742412 |
| SHRI YOGESH D. BHAMARE JI | NASHIIK | 02/02/1989 | 7385782702 |
| SHRI YASH CHOUGULE JI | KOLHAPUR | 03/02/1978 | 9730085507 |
| DR. SHIV KUMAR JI | MEERUT | 03/02/1983 | 9634758885 |
| SHRI SUSHIL S. JAIN JI | JALGAON | 04/02/1967 | 9822527982 |
| SHRI PREM SINGH PATHARIYA JI | ETAH | 04/02/1977 | 9719669235 |
| SHRI SANJAY V.KHODAKE JI | NASHIIK | 04/02/1969 | 9423932943 |
| SHRI SURESH KUMAR CHOUDHRY JI | SURAT | 05/02/1990 | 8980823143 |
| SHRI PRASHANT KUMAR SENAPATI JI | ANGUL | 05/02/1969 | 9861580643 |
| SHRI YOGENDRA KUMAR JI | BULANDSHAHR | 05/02/1987 | 8273304439 |
| SHRI MANOJ JI | ALWAR | 05/02/1977 | 9929140314 |
| SHRI SUMIT GUPTA JI | GONDIA | 06/02/1985 | 8087334959 |
| SHRI SANJAY D. BAVISKAR JI | NASHIK | 07/02/1970 | 9822847839 |
| SHRI SOURABH KU. GUPTA JI | SUNDAGARH | 07/02/1984 | 9937365810 |
| SHRI PRASANNA S. SHINKAR JI | NASHIK | 07/02/1977 | 9823211171 |
| SHRI SAROJ KUMAR MISHRA JI | BARGARH | 08/02/1972 | 7752002530 |
| SHRI SAURABH PAKHMODE JI | NAGPUR | 09/02/1982 | 9371828771 |
| SHRI NARESH R. WANI JI | JALGAON | 10/02/1973 | 9822051190 |
| SHRI. HARENDRA SINGH JI | BULANDSHAHR | 10/02/1981 | 9927474340 |
| SHRI KIRAN P. PATIL JI | JALGAON | 14/02/1962 | 9226758586 |
| SHRI SHIVAJI B. THORAT JI | NASHIK | 14/02/1966 | 9850581605 |
| SHRI JITENDRA AGARWAL JI | GONDIA | 15/02/1988 | 9595190822 |
| SHRI MAHESH S.YEOLE JI | JALGAON | 15/02/1972 | 9860665376 |
| SHRI RAJENDRA J. KASLIWAL JI | NASHIK | 19/02/1968 | 9422271630 |
| SHRI MOHIT D. BAUSKAR JI | JALGAON | 19/02/1998 | 9923388531 |
| SHRI DEEPAK PATIL JI | JALGAON | 20/02/1977 | 9028103888 |

## जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर वितरित किए

**दिल्ली–** अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर आदि वितरित किए गए । रतन देवी आर्य कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल, कृष्णा नगर मे आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित निगम पार्षद संदीप कपूर व पंकज लूथरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि परिषद गत 48 वर्षों से निरन्तर जरूरतमंद पुस्तकें, स्टेशनरी के साथ छात्रवृत्तियां भी प्रदान कर बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने मे सहयोग कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन ( मनोनीत निगम पार्षद ) ने कहा कि परिषद अर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को शीत लहर से बचाने हेतु स्वेटर आदि प्रदान करती है। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि परिषद की संरक्षिका सुधा गुप्ता व पूजा गुप्ता के सहयोग से आज बिरला आर्य कन्या विद्यालय, रतन देवी आर्य कन्या विद्यालय व ललिता प्रसाद आर्य कन्या विद्यालय की छात्राओं को स्वेटर व अनिल मित्तल के सहयोग से ऊनी टोपी, जुर्राब आदि का वितरण किया गया। ये सभी बच्चे गर्म कपड़ों के अभाव मे बहुत चिंतित थे। कार्यक्रम मे उपस्थित बिरला स्कूल की प्रधानाचार्य निधि वर्मा, रतन देवी स्कूल की प्रधानाचार्य अर्चना कुमारी, व ललिता प्रसाद स्कूल की प्रधानाचार्य ललिता कामना भसीन, चेयरमैन रमेश भसीन, प्रबन्धक रविन्द्र रोहिला ने तरुण मित्र परिषद के पदाधिकारियों, सुधा व पूजा गुप्ता व समाजसेवी अनिल मित्तल का इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन, सहसचिव आलोक जैन, संगठन सचिव राकेश जैन, रविन्द्र कुमार जैन उपस्थित थे।

**अशोक जैन, महासचिव, मो 9266638138.**






## दवा तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**आगरा–** नशीली दवा तस्करी मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से काफी मात्रा में नशीली दवाइयां भी बरामद की गई है। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस ने की है। इस संबंध में पंजाब पुलिस ने तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी न्यू आगरा पुलिस को दे दी है। बता दें कि पंजाब में नशीली दवाओं की तस्करी का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस नशा तस्कर गिरोह की गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी थी। इसी सिलसिले में पंजाब पुलिस की एक टीम ने आगरा में डेरा डाला। न्यू आगरा से दबोचा दवा तस्कर पंजाब पुलिस ने न्यू आगरा इलाके में दबिश दी। टीम ने नशा तस्करी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। टीम दवा विक्रेता आरोपी आकाश को अपने साथ पंजाब ले गई है। बताया गया है कि आरोपी से नशीली दवाइयां भी जब्त की गई हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी तस्कर ने बताया है कि इन नशीली दवाओं को अहमदाबाद से लाया जाता था। इसके बाद ये दवाएं पंजाब में सप्लाई की जाती थी। पंजाब में वर्ष 2020 में नशे की दवाओं का जखीरा पकड़ा गया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आगरा गैंग के जितेंद्र अरोड़ा उर्फ विक्की और कपिल अरोड़ा पर शिकंजा कसा गया था। इसके बाद पुलिस टीम कई बार आगरा आ चुकी है। कई दवा दुकानदारों से पूछताछ की गई है। वहीं कई दवा विक्रेताओं की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। बीते दिवस अमृतसर पुलिस की टीम आगरा आई थी। टीम ने न्यू आगरा पुलिस को दवा तस्करी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद नगला पदी में दबिश दी। बताया गया है कि पंजाब पुलिस ने आकाश नाम के दवा विक्रेता को गिरफ्तार किया है। उससे नशे की गोलियां भी बरामद की हैं।

## एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया ब्रेस्ट कैंसर की दवा लॉन्च करेगी

**मुंबई–** एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया जल्द ही ब्रेस्ट कैंसर की दवा लॉन्च करने जा रही है। कंपनी ने कहा कि वह जनवरी 2024 में भारत में ब्रेस्ट कैंसर की दवा लॉन्च करेगी। फार्मा के अनुसार उसे इस साल मई में भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से टैनस्टुजुमैब डेरक्सटेकन 100 mg/5 उस शीशी लियोफिलाइज्ड पाउडर के लिए फॉर्म सीटी-20 में आयात और मार्केटिंग की अनुमति मिली है। Astrazeneca Pharma द्वारा जल्द ही ब्रेस्ट कैंसर की दवा लॉन्च करने की खबर से कंपनी के शेयरों में अचानक तेजी आ गई है। कंपनी के शेयरों में करीब 6 फीसदी तक की तेजी देखी गई। कंपनी का मार्केट कैप बढकर 11,821.13 करोड़ रुपये हो गया। सितंबर में समाप्त तिमाही में एस्ट्राजेनेका फार्मा ने सालाना आधार पर 60.8 फीसदी की ग्रोथ के साथ 52.4 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। वहीं, इस अवधि में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 31.7 फीसदी बढकर 311 करोड़ रुपये हो गया। 2023 में अब तक स्टॉक लगभग 40 फीसदी बढ़ चुका है। इसकी तुलना में बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स निफ्टी 50 ने इसी अवधि के दौरान 15.5 फीसदी की बढ़त दर्ज की है। एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया, एस्ट्राजेनेका Dd|"] यूके की एक लिस्टेड सब्सिडियरी कंपनी है। यह भारत में कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग, सेल्स और मार्केटिंग एक्टिविटी में मदद करती है। एस्ट्राजेनेका तब चर्चा में आई, जब ऑक्सफोर्ड के साथ डेवलप वैक्सीन को भारत में कोविशील्ड के रूप में बेचा गया। इस वैक्सीन का इस्तेमाल दुनियाभर में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किया गया।

## आयरन की दवाई पीते ही बच्चों का स्वास्थ्य हुआ खराब

**इंदौर–** आयरन की दवाई पीने के बाद स्कूल में कई बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो गया। इनमें से एक बच्चे को बुखार आने और शरीर पर काले धब्बे पड़ने से हडकंप मच गया। यह दवा उसे सरकारी स्कूल में संजीवनी क्लीनिक से दी गई थी। फिलहाल बच्चे की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। जानकारी अनुसार, छोटा बांगड़दा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को आयरन की दवाई पिलाई गई थी। दवाई पीने के थोड़ी देर बाद ही कुछ बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो गया। इन्हीं में से एक छात्र कार्तिक पुत्र पंकज चौहान (12) की तबियत ज्यादा बिगड़ गई। कार्तिक के पिता ने बताया कि दवा पीने के बाद उसे सीने, पेट और गले में दर्द होने लगा और बुखार भी आया। इसके बाद उसके शरीर पर लाल व काले धब्बे पड़ गए। बच्चे को खाना खाने में भी तकलीफ होने लगी। उनहोंने बताया कि स्कूल के कई और बच्चों को भी इसी तरह के लक्षण के साथ उल्टियां भी हुई हैं। परिजनों ने कार्तिक को स्थानीय सरकारी चाचा नेहरू अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे पीआईसीयू में दाखिल किया। फिलहाल इस बच्चे की सेहत में सुधार है। स्कूल के प्रभारी अशोक वर्मा ने बताया कि स्कूल परिसर में स्थित संजीवनी क्लिनिक की ओर से बच्चों को आयरन की दवाई पिलाई गई थी। संजीवनी क्लिनिक की नर्सिंग ऑफिसर देवश्री सोनारे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर ही सभी बच्चों को आयरन की दवाई पिलाई गई। केवल एक छात्र कार्तिक को ही रिएक्शन हुआ। बाकी बच्चे दवाई पीने के बाद से ठीक हैं। इस बारे में पीडियाट्रिक्स कंसल्टेंट डॉ. प्रवीण जडिया का कहना है कि आयरन की दवाई लेने से ऐसा रिएक्शन संभव ही नहीं है। इस केस में बच्चों की पहले की कोई रिएक्शन की हिस्ट्री हो या वह बीमार हों और उसे पहले से कोई समस्या हो सकती है।

## पीएमएचएस ने सरकारी डॉक्टरों की मेंबरशिप कैंसिल की

**देहरादून (उत्तराखंड)–** प्राप्त समाचार के अनुसार पीएमएचएस ने राज्य में 400 सरकारी डॉक्टरों की मेंबरशिप को कैंसिल कर दिया है। यह कदम इन डॉक्टरों के निष्क्रिय रहने पर उठाया गया है। बता दें कि प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ (पीएमएचएस) उत्तराखंड राज्य में सरकारी डॉक्टरों की सबसे बड़ी संस्था है। फिलहाल राज्य में करीब 2,500 सरकारी डॉक्टर हैं। इनमें से 1,400 पीएमएचएस के साथ रजिस्टर्ड हैं। बीते दिवस देहरादून में हुई बैठक के दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने 400 डॉक्टरों के निष्क्रिय रहने पर यह निर्णय लिया। एसोसिएशन ने इनको तब तक निलंबित करने की घोषणा की, जब तक वे सदस्यता का नवीनीकरण नहीं करा लेते। एसोसिएशन ने सभी 13 जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि वे डॉक्टरों की भागीदारी सुनिश्चित करें। एसोसिएशन के कामों में शामिल न होने पर उनकी समस्याओं का समाधान कर पाने में एसोसिएशन असमर्थ होगी। यह जानकारी पीएमएचएस देहरादून शाखा के सचिव डॉ. मनोज वर्मा ने दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि नीतियों से संबंधित मामलों में प्रत्येक डॉक्टर की राय जरूरी है। इससे उच्च अधिकारियों के सामने एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत कर पाना संभव होता है। बैठक में पीएमएचएस के सुचारू संच. ालन और चुनाव से संबंधित अन्य निर्णय भी लिए गए। डा. वर्मा के अनुसार, एसोसिएशन को नए शामिल हुए डॉक्टरों और मौजूदा डॉक्टरों से सुस्त प्रतिक्रिया मिल रही थी। इस कारण कुछ डॉक्टरों की सदस्यता रद करने का निर्णय लिया गया है।

## गुजरात में जहरीली आयुर्वेदिक सीरप ने ली पांच लोगों की जान, दो की हालत गंभीर

**खेड़ा (गुजरात)–** गुजरात के खेड़ा जिले में जहरीला आयुर्वेदिक सीरप पीने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। सीरप कालमेघसव - आसव अरिष्ट, कथित तौर पर घातक है मिथाइल अल्कोहल और नडियाद शहर के पास बिलोदरा गांव में काउंटर पर बेचा जाता था। चिकित्सा परीक्षाओं ने किसी भी (एथिल) से इनकार किया है) मृतक में शराब का सेवन। ग्रामीणों में से एक के रक्त के नमूने में मिथाइल अल्कोहल की उपस्थिति की पुष्टि की गई है, एक अधिकारी ने कहा। पुलिस ने गहन पूछताछ के लिए स्टोर मालिक सहित तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया है, जबकि अधिकारी खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रशासन की सिफारिशों का इंतजार कर रहे हैं। हमारे शुरुआती निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि मिथाइल अल्कोहल, एक अत्यधिक जहरीला पदार्थ, गलती से सीरप में एथिल अल्कोहल के स्थान पर इस्तेमाल किया गया था, गुजरात के मंत्री और सरकार के प्रवक्ता, ऋषिकेश पटेल ने कहा, मिथाइल अल्कोहल के सेवन से अंधापन और मृत्यु सहित गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं हो सकती हैं। पुलिस महानिदेशक, विकास सहाय ने कहा कि सीरप की खपत से उनके संबंध का पता लगाने के लिए दो अन्य मौतों की जांच जारी है। अधिकारियों के अनुसार, उन सभी 55 ग्राहकों को ट्रैक करने का प्रयास किया गया था, जिन्होंने संबंधित स्टोर से सीरप खरीदा था, जबकि स्टोर के मालिक से पूछताछ की गई थी और दुखद घटना के सभी संभावित कोणों का पता लगाया जा रहा था। मृत्यु के वैकल्पिक कारण। पटेल, ऐसे पेय पदार्थों का उत्पादन सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम के तहत सख्ती से विनियमित है, और गुजरात के भीतर विनिर्माण के लिए कोई वर्तमान अनुमति मौजूद नहीं है। इससे पता चलता है कि सीरप राज्य के बाहर से मंगाया गया होगा।




www.medicaldarpan.com





## सरकार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए नियामक बनाने पर विचार ताकि सभी को बीमा की सुविधा मिल सके

**नई दिल्ली:** सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक नियामक स्थापित करने की संभावना तलाश रही है, जो सभी नागरिकों के लिए किफायती स्वास्थ्य बीमा कवरेज की सुविधा भी प्रदान करेगा। दो वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस क्षेत्र के लिए नियामक की आवश्यकता पर वित्त और स्वास्थ्य मंत्रालयों के बीच प्रारंभिक चर्चा हुई है। सरकार का मानना है कि सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, स्वास्थ्य बीमा की पहुंच बढ़ाने और इसे किफायती बनाए रखने के लिए अधिक केंद्रित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय बीमा एजेंसीकी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 400 मिलियन से अधिक व्यक्ति, या लगभग एक तिहाई आबादी, कम पहुंच, कवरेज की अपर्याप्तता और बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत के कारण स्वास्थ्य बीमा से वंचित है। घटनाक्रम से अवगत एक अधिकारी ने कहा, उपचार लागत के मानकीकरण और स्वास्थ्य दावों के निपटान जैसी कई चुनौतियां और अवसर हैं, जिनका समाधान स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में एक क्षेत्रीय नियामक द्वारा किया जा सकता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग अब एक विस्तृत योजना और संभावित स्वास्थ्य नियामक की भूमिका पर चर्चा करने के लिए बीमा कंपनियों सहित सभी हितधारकों की बैठक बुला सकता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा, स्वास्थ्य नियामक राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज के दायरे को और व्यापक बना सकता है तथा उसे उद्योग निगरानी संस्था की तरह कार्य करने के लिए अधिक शक्तियां सौंपी जा सकती हैं।ß उन्होंने स्पष्ट किया कि इनमें से कुछ सुझाव प्रारंभिक हैं। जनवरी 2019 में, सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के रूप में पुनर्गठित किया था, जो भारत की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन योजना आयुष्मान भारत को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) उन बीमा कंपनियों को नियंत्रित करता है जो अन्य उत्पादों के साथ स्वास्थ्य कवर प्रदान करती हैं। स्वास्थ्य बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण वर्तमान में बाजार द्वारा निर्धारित किया जाता है, लेकिन पॉलिसी शर्तों और दावा प्रतिबंधों और सीमाओं में बीमा कंपनियों के बीच व्यापक भिन्नता है। स्वास्थ्य नियामक कुछ मानकीकरण लाने और लागत कम करने में मदद कर सकता है। NHA ने स्वास्थ्य दावों की अंतर-संचालन क्षमता को सक्षम करने के लिए एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज (HCX) विकसित किया है। HCX भुगतानकर्ताओं, प्रदाताओं, लाभार्थियों और नियामकों सहित विभिन्न अभिनेताओं के बीच दावों से संबंधित जानकारी के आदान-प्रदान के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में भी कार्य करता है। अक्टूबर में, वित्त मंत्रालय ने सामान्य बीमा कंपनियों के साथ एक बैठक की और यह निर्णय लिया गया कि बीमाकर्ता स्वास्थ्य बीमा के विकास को बढ़ावा देने के लिए कैशलेस सुविधाओं को बढ़ाने और उपचार लागत को मानकीकृत करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ सहयोग करने पर विचार करेंगे। एक बयान में, वित्त मंत्रालय ने उल्लेख किया था कि बीमाकर्ता राज्य बीमा योजनाओं के तहत राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि प्रवेश और कवरेज बढ़ाया जा सके और धोखाधड़ी को रोकने या कम करने के लिए CIBIL स्कोर से धोखाधड़ी को जोड़ने का पता लगाया जा सके। IRDAI ने 2047 तक सभी के लिए बीमा को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जहां हर नागरिक के पास उचित जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति बीमा कवरेज हो।

## लाइसेंस न मिलने पर 1.35 लाख की दवा जब्त

**प्रतापगढ़ (उप्र)-** मेडिकल स्टोर पर रेड कर बिना लाइसेंस चलाए जाने पर 1.35 लाख रुपये की दवाइयां जब्त कर ली हैं। यहां से तीन दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं। औषधि विभाग की टीम ने रानीगंज के चिरकुट्टी चौराहे पर बिना लाइसेंस के चलाए जा रहे एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। टीम को देख मेडिकल स्टोर संचालक दुकान बंद कर भागने का प्रयास करने लगा। उसे भागते देख पुलिस ने उसे दबोच लिया लिया। औषधि विभाग की टीम ने इस मेडिकल स्टोर से जांच के दौरान कुल 51 प्रकार की दवाइयां जब्त कर सीज करा दी हैं। जब्त दवाओं की बाजारी कीमत 1.35 लाख रुपये है। टीम ने तीन दवाओं के सैंपल भी लिए और इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया है। जानकारी अनुसार, रानीगंज के रामपुर गौरी खजुरनी निवासी सुनील प्रकाश प्रजापति का चिरकुट्टी चौराहे पर मेडिकल स्टोर है। आयुक्त औषधि प्रयागराज को सूचना मिली कि इस मेडिकल स्टोर पर कोई फार्मासिस्ट नहीं है। यही नहीं, मेडिकल स्टोर संचालक के पास इसका कोई लाइसेंस भी नहीं है। इस पर आयुक्त ने औषधि निरीक्षक राहुल कुमार और संतोष कुमार को जांच करने को कहा। आदेश के तहत रानीगंज पुलिस के साथ औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। टीम को देख स्टोर संचालक दुकान बंद कर भागने लगा तो पुलिस ने उसे रोक लिया। टीम के मांगने पर संचालक अपने मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नहीं दिखा पाया। वह बहाना बनाने लगा कि अभी लाइसेंस जारी नहीं हुआ है। इस पर औषधि विभाग की टीम ने बिना लाइसेंस चलाए जा रहे इस मेडिकल स्टोर से लगभग 1.35 लाख रुपये की दवाइयां जब्त कर लीं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि ये दवाइयां 51 प्रकार की हैं। निरीक्षण के दौरान तीन दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं। इन सैंपल को सीलकर लैब में जांच के लिए भेज दिया गया है। लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## नकली दवा बनाने वाली कंपनी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली-** खुजली रोधक नकली दवा बनाने वाली गुलाबी बाग क्षेत्र की कंपनी का भंडाफोड़ हुआ है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कंपनी मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। पता चला है कि इस कंपनी में खुजली रोधक जेल बेटनोवेट एन का निर्माण किया जा रहा था। गुलाबी बाग के औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी को अवैध तौर पर चलाया जा रहा था। क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली थी कि गुलाबी बाग में कुछ कंपनियां नकली कॉस्मेटिक और दवाइयां बना रही हैं। सूचना के आधार पर गुलाबी बाग औद्योगिक क्षेत्र की प्लॉट संख्या 99 में छापेमारी की गई। यहां जांच करने पर पता चला कि दवाओं का अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। पुलिस टीम ने मौके से करीब 57 कार्टन बरामद किए। इनमें बेटनोवेट एन क्रीम की खाली ट्यूबें भरी हुई थीं। पुलिस के अनुसार हर कार्टन में 1200 ट्यूब थीं। कुल मिलाकर 68 हजार खाली ट्यूबें जब्त की गई। इनके अलावा भरी हुई ट्यूब के भी चार कार्टन जब्त किए गए हैं। हर कार्टन में खुजली रोधक जेल की 550 (करीब 2200 भरी हुई ट्यूबें) ट्यूबें मिली हैं। यही नहीं, कंपनी से कच्चा माल और भारी मशीनें भी कब्जे में ले ली गई हैं। पुलिस का कहना है कि कंपनी के मालिक को अरेस्ट कर लिया है। उनकी पहचान अवन मोंगा (45) के रूप में हुई है। वह अपने भाई के साथ मिलकर अक्सर गैर-ब्रांडेड उत्पादों को बनाने का काम करता था। बाद में उसने अपनी खुद की फैक्टरी शुरू की। कंपनी में अलग-अलग कंपनियों के नकली उत्पाद बनाने शुरू कर दिए। यह कंपनी एक साल से चल रही थी। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आरोपी ने बाहरी दिल्ली के इलाके में अपना व्यापार फैलाया हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जल्द ही इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

## स्किन संबंधी समस्याओं से निजात पाने के लिए करें मूंग दाल का इस्तेमाल

मूंग पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व स्किन प्रॉब्लम को दूर करते हैं। स्किन प्रॉब्लम दूर करने के लिए कुछ उपायों को आजमाया जा सकता है। मूंग विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी और विटामिन ई से भरपूर होता है। हमारी रसोई में कई ऐसे खाद्य पदार्थ हैं, जस्किन की समस्याओं को दूर कर सकते हैं। ऐसा ही एक खाद्य पदार्थ है मूंग. कुछ लोग मूंग खाना पसंद नहीं करते हैं लेकिन इसके फायदे बहुत अधिक हैं। पोषक तत्वों से भरपूर मूंग सम्पूर्ण शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। मूंग को ग्रीन ग्राम भी कहा जाता है। स्किन स्वास्थ्य के लिए इसे आयुर्वेदिक उपचार के रूप में उपयोग होता रहा है। आइये जानते हैं कैसे मूंग स्किन के लिए फायदेमंद है? पोषक तत्वों से भरपूर है मूंग। मूंग विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी और विटामिन ई से भरपूर होता है। यह कैल्शियम, पोटेशियम और आयरन सहित विभिन्न मिनरल्स से भरपूर होता है। ये सभी त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए जाने जाते हैं। मूंग दाल में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो मुंहासों और त्वचा के अन्य दाग-धब्बों को रोकने में मदद करते हैं। मूंग दाल में मौजूद विटामिन और मिनरल त्वचा की बनावट को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं। **जानिए मूंग दाल से स्किन को मिलने वाले फायदे चमकदार त्वचा** - मूंग दाल में त्वचा को एक्सफोलिएट करने और मृत कोशिकाओं की परत को हटाने की विशेष शक्ति होती है। इससे चमकदार, हल्की और मुलायम त्वचा मिलती है। यह स्किन टेक्सचर को ठीक कर सकता है। इसे विटामिन ए और सी से मजबूत कर सकता है। चम्मच मूंग दाल को रात भर भिगो दें। अगली सुबह इसे पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें। इसमें एक चम्मच बादाम का तेल और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह मिला लें। साफ, सूखे चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के लिए छोड़ दें। चमकदार त्वचा के लिए पानी से धो लें। **हाइड्रेट करता है-** मूंग दाल में कोशिका शक्तिवर्धक विटामिन और एंजाइम होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखते हैं। यह घरेलू पैक त्वचा को नरम और मुलायम बनाने के लिए नमी को बरकरार रखेगा। मूंग दाल में कोशिका शक्तिवर्धक विटामिन और एंजाइम होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखते हैं। चम्मच दाल को रात भर कच्चे दूध में भिगो दें। अगली सुबह इसे पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपनी त्वचा पर लगाएं। लगभग 15 मिनट के लिए छोड़ दें। ड्राई त्वचा की समस्या के इलाज के लिए पानी से धो लें। **अनचाहे बाल हटाना** चेहरे के बारीक बालों, खासकर ऊपरी होठों और ठुड्डी से बालों को हटाने के लिए आप घर पर ही मूंग दाल का उपयोग करके फेशियल स्क्रब बना सकती हैं। दो चम्मच मूंग दाल को रात भर भिगो दें। अगली सुबह इसे पीसकर पेस्ट बना लें। पेस्ट में दो चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर और दो चम्मच चंदन पाउडर मिलाएं। थोड़ा दूध डालें। अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट तक धीरे-धीरे स्क्रब करें। ठंडे पानी से धो लें। **सन टैन ठीक करें** मूंग दाल आपकी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से भी राहत दिलाएगी। अगर आपको टैन वाली त्वचा पसंद नहीं है, तो आप घर पर मूंग दाल का उपयोग करके सन टैन को ठीक करने और त्वचा का रंग हल्का करने के लिए एक पैक बना सकती हैं। मूंग दाल आपकी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से भी राहत दिलाएगी। चार चम्मच मूंग दाल को रात भर भिगोकर रखें। पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें। 2 चम्मच दही डालें। इसे अच्छी तरह मिला लें। इस पैक को पूरी प्रभावित त्वचा पर लगाएं। 10 मिनट के लिए छोड़ दें। त्वचा को आराम देने के लिए ठंडे पानी से धो लें। यह पैक सूरज की जलन को कम करने और स्किन पोर को कसने में मदद करता है।

## पतंजलि आयुर्वेद को दिए भ्रामक दवा प्रचार न करने के निर्देश

**तिरुवनंतपुरम (केरल)-** पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड कंपनी को केरल राज्य में अपनी दवाइयों के भ्रामक प्रचार को बंद करने या संशोधित करने का निर्देश जारी किए गए है। यह निर्देश भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने जारी किए। इस बारे में केरल शास्त्र साहित्य परिषद (केएसएसपी) के सार्वजनिक स्वास्थ्य समूह कैंपेन अगेंस्ट स्यूडो साइंस यूजिंग लॉ एंड एथिक्स (कैप्सूल) ने शिकायत दर्ज करवराई थी। एएससीआई ने दर्ज शिकायतों के आधार पर यह निर्देश जारी किए। उपभोक्ता शिकायत परिषद (सीसीसी) के अनुसार पतंजलि आयुर्वेद की पांच दवाएं, लिवोग्रिट वाइटल, लिवामृत एडवांस, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, बीपी ग्रिट और मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर ने नियम का उल्लंघन किया है। बता दें कि उपभोक्ता शिकायत परिषद (सीसीसी) एक स्वतंत्र पैनल है। यह शिकायतों और विज्ञापनदाताओं की प्रतिक्रियाओं की समीक्षा करता है। समीक्षा के आधार पर अपनी सिफारिश देता है। यह बताता है कि विज्ञापन में बदलाव की जरूरत है या नहीं। सीसीसी ने अपनी जांच में पाया कि पतंजलि के दावे वैज्ञानिक साक्ष्य, या उत्पाद प्रभावकारिता के नैदानिक साक्ष्य से प्रमाणित नहीं मिले। इसका कोई साक्ष्य नहीं कि उनके यह उत्पाद दावा किए गए लाभ प्रदान करते हैं। एएससीआई ने निर्देश दिए हैं कि 22 दिसंबर तक विज्ञापन को उचित रूप से संशोधित किया जाए। या फिर उक्त विज्ञापन को वापस ले लिया जाए।




## HEMP

भांग को एक नशीले पदार्थ के रूप में जाना जाता है, लेकिन अगर इसे सीमित मात्रा और सही तरह से इस्तेमाल किया जाए, तो यह एक औषधि के रूप में भी काम कर सकता है। स्टाइलक्रेज के इस लेख से हम भांग के बीज के फायदे के साथ-साथ भांग के बीज का तेल के फायदे के बारे में जानकारी देंगे। हम आपको भांग बीज के तेल के गुण या भांग के बीज के फायदे के बारे ज्यादा से ज्यादा प्रमाण के साथ जानकारी देने की कोशिश करेंगे। हालांकि, भांग के बीज स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद हैं, लेकिन ये बीमारी को पूरी तरह से ठीक नहीं कर सकते। भांग बीज के गुण इस आर्टिकल में बताई जा रही समस्याओं से कुछ हद तक बचाव कर सकते हैं या उनके असर को कुछ कम करने में सहायक भूमिका निभा सकते हैं। भांग का बीज और इसका तेल क्या है? भांग के बीज भांग के पौधे से मिलते हैं और इसी बीज से भांग का तेल तैयार किया जाता है। भांग के बीज और भांग बीज का तेल दोनों ही औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। अगर सही तरीके से इनका उपयोग किया जाए, तो इनके कई शारीरिक लाभ हो सकते हैं। भांग के बीज और भांग बीज के तेल में पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, प्रोटीन, कैनाबिनोइड (Cannabinoids), विटामिन-ई और कई अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो इन्हें गुणकारी बनाने में मदद करते हैं. भांग के बीज और इसके तेल के फायदे – Benefits of Hemp Seed and Oil नीचे हम स्वास्थ्य संबंधी भांग बीज या भांग के बीज का तेल के फायदे के बारे में जानकारी ध्यान रहे कि यह किसी भी गंभीर बीमारी को पूरी तरह ठीक करने के लिए नहीं है। यह सिर्फ बीमारी के लक्षणों या प्रभाव को कम करने का काम कर सकता है। **1. कैंसर के लिए :** भांग के बीज या भांग के बीज के तेल में कैनबिनोइड (Cannabinoid) नामक तत्व पाया जाता है, जो कैंसर से बचाने में मदद कर सकता है (4) भांग के बीज व पत्तियों में एंटी-कैंसर गुण भी होता है, जो कैंसर होने के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। इसके बीज को ट्यूमर और अल्सर से बचने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है (5)। इसका सेवन करने से पहले एक बार डॉक्टर की सलाह जरूर लें, ताकि वो इसका सेवन करने की सही मात्रा के बारे में बता सकें। साथ ही हम यहां स्पष्ट कर दें कि कैंसर जानलेवा बीमारी है। इसलिए, पूरी तरह से घरेलू इलाज पर निर्भर रहना गलत है। कैंसर जैसी अवस्था में डॉक्टरी उपचार जरूरी है। **2. मधुमेह के लिए** अगर किसी को मधुमेह है, तो भांग के बीज का तेल लाभदायक हो सकता है। इसमें ओमेगा 3 पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (Omega-3 PUFA) मौजूद होता है, जो मधुमेह के मरीजों में टाइप 1 डायबिटीज (Insulin Dependence) के लक्षणों को कुछ हद तक कम करने में मदद कर सकता है (4)। इस घरेलू उपाय के साथ-साथ डॉक्टर के निर्देश पर मधुमेह की दवा लेना भी जरूरी है। यह घरेलू इलाज सिर्फ मधुमेह से उबरने में मदद कर सकता है। **3. हृदय के लिए** भांग के बीज में ओमेगा 3 और ओमेगा 6 फैटी एसिड मौजूद होते हैं, जो हृदय को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं (1)। फिलहाल, इस संबंध में अभी और वैज्ञानिक शोध की आवश्यकता है। वहीं, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए सही जीवनशैली और रूटीन की भी जरूरी है। **4. उच्च रक्तचाप के लिए :** हाई ब्लड प्रेशर या उच्च रक्तचाप की समस्या किसी को भी हो सकती है। ऐसे में चूहों पर हुए एक शोध के मुताबिक, भांग के बीज में मौजूद मिल प्रोटीन के सेवन से उच्च रक्तचाप में लाभ मिल सकता है (6)। ऐसे में भांग के बीज उच्च रक्तचाप को कुछ हद तक ठीक कर सकते हैं। **5. मासिक धर्म के लिए :** मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को कई तरह की समस्याएं जैसे ख्र पेट दर्द और ऐंठन का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर घरेलू उपाय की बात की जाए, तो भांग को मासिक धर्म में होने वाले ऐंठन से छुटकारा पाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसमें एंटीस्पास्मोडिक गुण मौजूद होता हैं, तो इस आधार पर कहा जा सकता है कि यह मासिक धर्म में होनी वाली ऐंठन से राहत दिला सकते हैं. वहीं, गंभीर अवस्था में डॉक्टर की सलाह लेने में देरी न करें। **6. एंटी-इन्फ्लेमेटरी :** भांग के बीज या भांग बीज के तेल में कैनबिनोइड्स (Cannabinoids) मौजूद होते हैं, जिसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। अपने इस गुण के कारण यह शरीर में सूजन या अधिक सूजन के कारण होने वाले कैंसर से बचाव करसकता है. ऐसे में अगर किसी को शरीर में सूजन के कारण कोई समस्या हो रही है, तो इसमें मौजूद एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण कुछ हद तक राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं (5)। साथ ही डॉक्टर की सलाह भी जरूरी है, क्योंकि सूजन के कारण शरीर में कई अन्य समस्याएं भी हो सकती है। इसलिए, गंभीर अवस्था में घरेलू उपचार के साथ-साथ डॉक्टरी इलाज भी जरूरी है। **7. रोग-प्रतिरोधक क्षमता के लिए :** अगर किसी की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो, तो वह व्यक्ति कई तरह की बीमारियों का शिकार हो सकता है। ऐसे में भांग बीज में पाए जाने वाले कैनबिनोइड्स को लेकर जानवरों पर कई वैज्ञानिक शोध किए गए हैं। इन शोध में जो परिणाम सामने आए हैं, उसके अनुसार कैनबिनोइड्स कई प्रकार की प्रतिरक्षा कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को मॉड्यूलेट करने का काम कर सकता है। फिलहाल, मानव प्रतिरक्षा प्रणाली पर कैनबिस या कैनाबिनोइड के प्रभाव के बारे में अभी और शोध की आवश्यकता है. त्वचा के लिए भांग के बीज का तेल त्वचा के लिए भी लाभकारी हो सकता है। इसका उपयोग सूर्य की हानिकारक किरणों से त्वचा को होने वाले क्षति से बचा सकता है। इसके अलावा, यह स्किन कैंसर से भी बचाव कर सकता है **8. त्वचा के लिए** भांग के बीज के तेल से बना साबुन उपयोग किया जा सकता है। अगर किसी की त्वचा संवेदनशील है, तो उसे इसका उपयोग करने से पहले त्वचा विशेषज्ञ की राय जरूर लेनी चाहिए। **9. पाचन के लिए :** अगर किसी को पाचन संबंधी समस्या है, तो भांग एक औषधि की तरह काम कर पाचन की समस्या को ठीक करने में मदद कर सकती है। जैसा कि हमने ऊपर बताया कि इसमें कैनबिनोइड्स (Cannabinoids) नामक कंपाउंड पाया जाता है, जो पेट दर्द, दस्त और सही पाचन में लाभकारी हो सकता है (5)। फिलहाल, इस संबंध में अभी और शोध की आवश्यकता है, इसलिए इसका सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना बेहतर होगा. भांग के बीज का उपयोग ख्रनीचे हम भांग के बीज को उपयोग करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं। भांग के बीज को पीसकर उसके पाउडर को दलिया या दही के साथ सेवन किया जा सकता है। भांग बीज को स्मूदी में डालकर सेवन किया जा सकता है। सलाद में भांग बीज का सेवन किया जा सकता है। घर में भांग के बीज का दूध बनाकर सेवन किया जा सकता है। भांग बीज या भांग के बीज का तेल को कब और कितनी मात्रा में सेवन करना चाहिए, इस बारे में कोई पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए, इस बारे में डॉक्टर की सलाह जरूरी है। डॉक्टर व्यक्ति की उम्र और स्वास्थ्य के अनुसार इसके सेवन की सलाह दे सकते हैं। भांग बीज के अधिक सेवन से भांग के बीज के नुकसान भी हो सकते हैं, जिसके बारे में हम लेख के अलगे हिस्से में बता रहे हैं।भांग के बीज और इसके तेल के नुकसान नीचे जानिए भांग के बीज से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में। गर्भवती महिला इसका उपयोग न करें क्योंकि इससे गर्भपात होने का खतरा हो सकता है. इसके अधिक सेवन से मस्तिष्क संबंधी समस्या हो सकती हैं. इससे एलर्जी भी हो सकती है, लेकिन इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। भांग बीज या भांग के बीज का तेल के फायदे जानकर कई लोग इसे अपनी जीवनशैली में शामिल करना चाह रहे होंगे। इस औषधि को डेली रूटीन में शामिल करें, लेकिन डॉक्टरी सलाह के बाद। हर किसी का शरीर एक जैसा नहीं होता, इसलिए भांग बीज के लाभ उठाने से पहले डॉक्टर से इसके उपयोग के बारे में जानकारी जरूर लें, क्योंकि भांग के बीज के नुकसान भी हैं। इसलिए, भांग के बीज के नुकसान से बचने के लिए इसे सही तरीके से उपयोग में लाएं। साथ ही भांग बीज के उपयोग के बाद अपना अनुभव हमारे साथ साझा करना न भूलें।

**इस कूपन को काटकर निम्न पते पर भेजें**

**और पायें**

**MINT LIFE SCIENCES PVT. LTD.**

**के HEMP PRODUCTS पर**

**10 % DISCOUNT.**

**ऑफर सीमित समय के लिए है.**

Plot No 55, Industrial Area, Phase-2 Panchkula - 134112, Haryana

**Mob.: 07814301310**

## लखनऊ में एफआई हॉस्पिटल को सील किया

**लखनऊ (उत्तर प्रदेश)-** लखनऊ में एफआई हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है। यह हॉस्पिटल माफिया और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के एक करीबी बिल्डर का बताया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस अस्पताल को सील करने की कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार यह अस्पताल मुख्तार अंसारी के करीबी बिल्डर सिराज अहमद के न्यू एफआई हॉस्पिटल को सील किया गया है। लखनऊ में बर्लिंगटन क्रॉसिंग पर स्थित है। सिराज अहमद के फाई टॉवर की पार्किंग खाली कराई जा रही है। फाई टॉवर पर बने दो फ्लोर अवैध घोषित कर दिए गए हैं। जल्द ही इनको गिराने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बता दें कि मुख्तार अंसारी के करीबी बिल्डर शोएब इकबाल, मोनिस इकबाल, सिराज अहमद और माइकल के खिलाफ कैसरबाग में एफआईआर दर्ज है। पुलिस सिराज और माइकल की तलाश में है। मोनिस को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। फाई टावर में बनी 2 बीएचके के 24 फ्लेट और 1 पेंट हाउस को अवैध घोषित कर एलडीए नोटिस दे चुका है। इनकी सीलिंग की कार्रवाई हो रही है। एफआई हॉस्पिटल को सील करने के बाद विकास प्राधिकरण की कार्यवाही अब बिल्डिंग पर शुरू हो चुकी है। आठ मंजिला इस एफ टॉवर पर ऊपर के दो मंजिला 7 व 8 फ्लोर व उसके ऊपर बने पेंट हाउस सहित पार्किंग में बने फ्लैट अवैध बताए जा रहे हैं।

## लाखों की नशीली दवा समेत फार्मा ड्रग रैकेट का भंडाफोड़

**अमृतसर-** फार्मा ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। लाखों रुपये कीमत की नशीली दवाओं समेत 12 लोग अरेस्ट भी किए गए हैं। अमृतसर पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी अनुसार, अमृतसर पुलिस ने राज्यभर में नशे के खिलाफ अभियान चला रखा है। फार्मा ओपियोइड के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिंथेटिक नशों के एक बड़ा रैकेट पकड़ा गया है। इस मामले में पुलिस ने पहले भी एक युवक को गिरफ्तार किया था। प्रिंस कुमार नाम के इस आरोपी के पास से 14,500 ट्रामाडोल की गोलियां बरामद की गई थी। इसके बाद करीब एक महीने तक जांच जारी रही। अब पुलिस ने बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करने में सफलता पाई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह मेजर सिंह के अनुरोध पर नशीली गोलियां सप्लाई करता था। मेजर सिंह ने गो. इंदवाल साहिब जेल से मोबाइल फोन के जरिए उससे संपर्क किया था। पुलिस ने जेल के अंदर मेजर सिंह के कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी मेजर सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई तो उसने कई नामों का खुलासा किया। इनमें बलजिंदर सिंह, आकाश सिंह, सुरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह सभी निवासी पट्टी, तरनतारन, मोहर सिंह निवासी हरिके के नाम शामिल हैं। पुलिस ने उपरोक्त सभी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गुरप्रीत सिंह और मेजर सिंह के अनुसार उन्हें नशीली. दवा की खेप सचिन कुमार निवासी कोसीकलां जिला मथुरा से मिली थी। सचिन कुमार जिला हरपुर यू.पी का रहने वाला है। वह इलिकेम फार्म का मालिक है। इसके बाद पुलिस ने सचिन कुमार की गिरफ्तारी की। पता चला कि मानसा शहर की जेल में बंद आरोपी योगेश कुमार रिंकू के साथ मिलकर एलीकेम फार्मा के फर्जी दस्तावेज तैयार कर पंजाब में नशीली गोलियां सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने मानसा जेल में बंद आरोपी योगेश कुमार के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया। उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया। योगेश कुमार और सचिन ने खुलासा किया कि वे गुजरात के अहमदाबाद में ग्लास फार्मास्यूटिकल्स से फार्मा ओपिओइड की सप्लाई कर रहे थे। जब सचिन कुमार ने दिल्ली की एक दवा निर्माता कंपनी के मालिक मनीष और रेखा के बारे में बताया तो पुलिस ने उक्त दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। अमृतसर पुलिस ने एटीएस गुजरात पुलिस के साथ मिलकर अहमदाबाद (गुजरात) में ग्लास फार्मास्यूटिकल्स पर रेड की। वहां से 14,72,220 नशीली गोलियां/कैप्सूल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आगरा निवासी आकाश को भी गिरफ्तार कर लिया है। आकाश के कब्जे से पुलिस को 18 हजार नशीली गोलियां बरामद हुई। कुल मिलाकर पुलिस ने इस मामले में कुल 12 आरोपियों के एक बड़े रैकेट को गिरफ्तार कर लिया है।

## अमेरिकी एफडीए ने किडनी कैंसर के लिए मर्क की दवा को मंजूरी दी

**वाशिंगटन डी.सी.:** अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वाशिंगटन डी.सी. खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मर्क की दवा बेल्जुटिफान को एक प्रकार के गुर्दे के कैंसर के लिए मंजूरी दे दी। वेलिरेग नामक इस दवा का उपयोग गुर्दे की कोशिका कार्सिनोमा से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए किया जाता है, जिन्हें पहले से ही उपचार मिल चुका है। गुर्दे की कोशिका कार्सिनोमा एक ऐसी बीमारी है जिसमें गुर्दे की बहुत छोटी नलियों की परत में कैंसर कोशिकाएं पाई जाती हैं। वेलिरेग की मंजूरी एक अंतिम चरण के परीक्षण के आंकड़ों पर आधारित है, जहां दवा ने गुर्दे की कोशिकाओं में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण और नैदानिक रूप से सार्थक सुधार दिखाया। नोवार्टिस की दवा, एवरोलिमस की तुलना में रोगी की प्रगति-मुक्त उत्तरजीविता (PFS)A PFS से तात्पर्य है कि उपचार के बाद रोग के बिगड़ने के बिना रोगी कितने समय तक जीवित रहता है। 2021 में, इस दवा को वॉन हिप्पेल-लिंडौ रोग से जुड़े कैंसर के लिए अनुमोदित किया गया था, जो एक दुर्लभ, आनुवंशिक विकार है जिसमें शरीर के कुछ हिस्सों में गैर-कैंसर वाले ट्यूमर विकसित होते हैं।

## केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में ICU के बाहर बेची जा रहीं दवाइयां

**लखनऊ-** केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में ICU (आईसीयू) के बाहर थैला लटकाकर दवाइयां बेचने का मामला सामने आया है। ट्रॉमा के पांचवें तल पर बने आईसीयू के बाहर निजी दवा वेंडर अपनी दवाइयां बेचते हैं। ये थैला लटकाकर मरीजों को आईसीयू में काम आने वाली महंगी दवाइयां बेच रहे हैं। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में अवैध रूप से दवाइयां बेचने का खेल मिलीभगत से ही खेला जा रहा है। डॉक्टरों व रेजिडेंट्स सबकुछ जानकर भी इससे अनजान बने हुए हैं। कमीशन के लालच में कोई कुछ नहीं बोल रहा। हैरनी इस बात की है कि केजीएमयू प्रशासन इस बारे में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। आईसीयू के बाहर निजी दवा वेंडर ऑन डिमांड मरीजों के तीमारदारों को दवा उपलब्ध करा रहे हैं। वेंडर सिर्फ आईसीयू की महंगी दवाइयां ही बेचते हैं। अन्य विभागों की दवाएं इनके पास नहीं मिलती हैं। यह मामला तब सामने आया, जब एक तीमारदार और दवा वेंडर में बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस ऑडियो में वेंडर आईसीयू की दवाइयां कम दामों पर देने का दावा करता सुनाई दे रहा है। इसमें वेंडर प्रिंट रेट से 20 प्रतिशत सस्ती दवा देने की बात कह रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि आईसीयू का स्टाफ भी इन वेंडरों से ही दवा खरीदने को बोलते हैं। सबसे अहम बात यह है कि फैकल्टी व सीनियर रेजीडेंट सब अनदेखा कर आईसीयू से बाहर निकल जाते हैं। वह इन वेंडरों पर कोई रोकटोक तक नहीं करते हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि ट्रॉमा के अंदर कोई भी बाहरी व्यक्ति दवा व सामान नहीं बेच सकता। सभी संकाय सदस्य व सीनियर रेजीडेंट को निर्देश है कि वह मरीजों को एचआरएफ या जन औषधि केंद्र की दवा लिखने के निर्देश हैं। यह पर बाहरी वेंडरों द्वारा दवा बेचने के मामले की जांच कराएंगे। जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## फ्यूचर प्लस हॉस्पिटल में मरीज की मौत, शव न देने पर परिजनों ने किया हंगामा

**मोदीपुरम-** पल्लवपुरम के फ्यूचर प्लस हॉस्पिटल में मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने शव न देने पर हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने आयुष्मान कार्ड दिया है। इसके बावजूद अस्पताल स्टाफ उन्हें शव नहीं सौंप रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर हॉस्पिटल प्रशासन से बातचीत की। शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी अनुसार डबल स्टोरी निवासी 53 वर्षीय विनोद कुमार काफी समय से बीमार चल रहा था। एक महीने पहले विनोद की तबीयत खराब हो गई थी। तब उन्हें फ्यूचर प्लस हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया था। ठीक होने के बाद वह अपने घर लौट गया था। विनोद की तबीयत फिर से बिगड़ गई। उसे फ्यूचर प्लस हॉस्पिटल में दाखिल करा दिया गया। दोपहर बाद परिजनों ने अस्पताल में विनोद का आयुष्मान कार्ड भी जमा करा किया। कार्ड को अगले दिन अप्लाई करने से पहले ही मरीज की मौत हो गई। परिजन शव ले जाने लगे तो अस्पताल स्टाफ ने पहले बिल जमा करने के लिए कहा। इसी बात को लेकर परिजन ताव में आ गए और हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने अस्पताल प्रशासन से बातचीत कर शव उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव का कहना है कि आयुष्मान कार्ड दे दिया गया था। इसे अप्लाई करने से पहले ही मरीज की मौत हो गई। अब मामले को सुलझा दिया गया है।

## एंटीफंगल टैबलेट के विपणन के लिए यूएसएफडीए की मंजूरी

**नई दिल्ली:** फार्मा प्रमुख ल्यूपिन लिमिटेड ने कहा कि उसे फंगल संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक फ्लुकोनाजोल टैबलेट के विपणन के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से मंजूरी मिल गई है। ल्यूपिन ने एक नियामक फाइलिंग में कहा, 50 मिलीग्राम, 100 मिलीग्राम, 150 मिलीग्राम और 200 मिलीग्राम की ताकत में फ्लुकोनाजोल गोलियों के संक्षिप्त नई दवा अनुप्रयोग के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ( यूएसएफडीए ) द्वारा मंजूरी दी गई है। इसमें कहा गया है कि ये फाइजर इंक के डिफ्लूकन टैबलेट, 50 मिलीग्राम, 100 मिलीग्राम, 150 मिलीग्राम और 200 मिलीग्राम के सामान्य समकक्ष हैं। कंपनी ने कहा कि इस उत्पाद का निर्माण भारत में ल्यूपिन की पीथमपुर सुविधा में किया जाएगा।

## रहस्यमयी बुखार स्क्रब टायफस की चपेट में देश के कई राज्य

विगत एक माह से देश एक रहस्यमयी बुखार के संकट से जूझ रहा है. ये बुखार इतना वायरल है कि शायद ही कोई ऐसा घर हो जिसमें एक रोगी पीड़ित न निकले. लोग जूझ रहे हैं. ठीक भी हो रहे हैं. कुछ रोग की अज्ञानता में कोलैप्स भी कर जा रहे हैं. इस बुखार का रहस्य ये है कि सारे लक्षण डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया से मिलते जुलते हैं पर जब टेस्ट कराइये तो सब निगेटिव आता है. क्योंकि बीमारी के लक्षण भले ही मिलते हों पर बीमारी अलग है. विडंबना ये है कि बहुत से डॉक्टर भी वायरल मान कर उसका ट्रीटमेंट दे रहे हैं या डेंगू का ट्रीटमेंट दे रहे हैं. उनको भी रोग के विषय में नहीं मालूम। अब इस नयी बीमारी का नाम बताया जा रहा हैं स्क्रब टायफस स्क्रब टायफस के संक्रमण का कारण:-थ्रोम्बोसाइटोपेनिक माइट्स या chigger नामक कीड़े की लार में orientia tsutsugamushi नामक बैक्टीरिया होता है, जो स्क्रब टायफस का कारण है। इसी के काटने से ये फैलता है। इन कीड़ों को सामान्य भाषा में कुटकी या पिस्सू कहते हैं। इनकी साइज 0.2 उउ होती है। संक्रमण का incubation period 6 से 20 दिन का होता है, अर्थात कीड़े के काटने के 6 से 20 दिन के अंदर लक्षण दिखना शुरू होते हैं। **स्क्रब टायफस के लक्षण:**-(इसके लक्षण डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया सभी के मिले जुले लक्षण हैं) ठण्ड दे कर तेज बुखार आना, बुखार का फिक्स हो जाना, सामान्य पैरासिटामोल से भी उसका न उतरना, शरीर के सभी जोड़ों में असहनीय दर्द व अकड़न होना, मांसपेशियों में असहनीय पीड़ा व अकड़न, तेज सिर दर्द होना, शरीर पर लाल रैशेज होना,रक्त में प्लेटलेट्स का तेजी से गिरना, मनोदशा में बदलाव, भ्रम की स्थिति (कई बार कोमा भी) **खतरा:**- समय पर पहचान व उपचार न मिलने पर, मल्टी ऑर्गन फेलियर, कंजेस्टिव हार्ट फेलियर, सरकुलेटरी कोलैप्स **कैसे पता लगाएं:**-Scrub antibody & Igm Elisa नामक ब्लड टेस्ट से इस रोग का पता लगता है। (सब डेंगू NS1 टेस्ट करवाते हैं और वो निगेटिव आता है।) **निदान:**-जिस प्रकार डेंगू का कोई स्पेसिफिक ट्रीटमेंट नहीं है वैसे ही स्क्रब टायफस का भी अपना कोई इलाज नहीं है। अगर समय पर पहचान हो जाए तो doxycycline नामक एंटीबायोटिक दे कर डॉक्टर स्थिति को नियंत्रित कर लेते हैं. पेशेंट को नॉर्मल पैरासिटामोल टैबलेट उसके शरीर की आवश्यकता के अनुसार दी जाती है। बुखार तेज होने पर शरीर को स्पंज करने की सलाह दी जाती है। शरीर में तरलता का स्तर मेन्टेन रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी, ORS फलों के रस, नारियल पानी, सूप, दाल आदि के सेवन की सलाह दी जाती है। लाल रैशेज होने पर कैलामाइन युक्त लोशन लगाएं। रेग्युलर प्लेटलेट्स की जाँच अवश्यक है क्योंकि खतरा तब ही होता है जब रक्त में प्लेटलेट्स 50k से नीचे पहुँच जाती हैं। प्लेटलेट्स कम होने पर घरेलू ईलाज के रुप में पपीते के पत्ते का रस शहद के साथ देना, कीवी नारियल, अनार आदि फल का सेवन बहुत लाभ पहुंचाता है। एक मध्यम आकार के पपीते के पत्ते का रस निकाल कर छान कर उसमें शहद मिलाकर प्लेट्स सामान्य होने तक प्रति दिन एक या दो बार ले। उपर से थोडा गुनगुना पानी पी सकते है। कुछ लोग बकरी का दूध भी सेवन करते हैं पर दूध हमेशा गरम करके पीना चाहिए, नही तो कच्चा दूध नुकसान पहुंचा सकता है। आवश्यकता होने पर तुरंत मरीज को हॉस्पिटल में एडमिट करना उचित है। **बचाव:**- स्क्रब टायफस से बचाव की कोई भी वैक्सीन अब तक उपलब्ध नहीं है। संक्रमित कीड़ों से बचने के लिए फुल ट्रॉउजर, शर्ट, मोजे व जूते पहन कर ही बाहर निकलें। शरीर के खुले अंगों पर ओडोमॉस का प्रयोग करें। घर के आस पास, नाली, कूड़े के ढेर, झाड़ियों, घास फूस आदि की भली प्रकार सफाई करवाएं. कीटनाशकों का छिड़काव करवाएं। अपने एरिया की म्युनिसिपालिटी को सूचित कर फॉग मशीन का संचरण करवाएं। **नोट:**-स्क्रब टायफस एक रोगी से दूसरे रोगी में नहीं फैलता। सिर्फ और सिर्फ चिगर नामक कीड़े के काटने पर ही व्यक्ति इससे संक्रमित हो सकता है।

– नूर मोहम्मद, रामपुर, मो 9456269821




## दालचीनी के फायदे, उपयोग और नुकसान

आपने दालचीनी का नाम जरूर सुना होगा। आमतौर पर लोग दालचीनी का प्रयोग केवल मसालों के रूप में ही करते हैं, क्योंकि लोगों को दालचीनी के फायदे के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। आयुर्वेद में दालचीनी को एक बहुत ही फायदेमंद औषधि के रूप में बताया गया है। आयुर्वेद के अनुसार, दालचीनी के इस्तेमाल से कई रोगों का इलाज किया जा सकता है। **दालचीनी क्या है?** दालचीनी एक मसाला है। दालचीनी की छाल तेजपात की वृक्ष छाल से अधिक पतली, पीली, और अधिक सुगन्धित होती है। यह भूरे रंग की मुलायम, और चिकनी होती है। फलों को तोड़ने पर भीतर से तारपीन जैसी गन्ध आती है। इसके फूल छोटे, हरे या सफेद रंग के होते हैं। अगर आप दालचीनी की पत्तियों को मलेंगे तो इससे तीखी गंध आती है। दालचीनी का प्रयोग कई तरह की बीमारियों को ठीक किया जाता है।पतंजलि के अनुसार, दालचीनी के सेवन से पाचनतंत्र संबंधी विकार, दांत, व सिर दर्द, चर्म रोग, मासिक धर्म की परेशानियां ठीक की जा सकती हैं। इसके साथ ही दस्त, और टीबी में भी इसके प्रयोग से लाभ मिलता है। आप जरूर जान लें कि दालचीनी के इस्तेमाल से कितने प्रकार के फायदे होते हैं, ताकि समय पर दालचीनी का उपयोग कर आप भी फायदा ले सकें। **दालचीनी के फायदे, इस्तेमाल करने के तरीके, और उपयोग की मात्रा यहां दी जा रही है:- हिचकी की परेशानी में दालचीनी का सेवन** हिचकी आना बहुत ही साधारण सी बात है, लेकिन कई ऐसे भी लोग होते हैं, जिन्हें हमेशा हिचकी आने की शिकायत रहती है। ऐसे लोग दालचीनी का उपयोग कर सकते हैं। दालचीनी के 10-20 मिली काढ़ा को पिएं। इससे आराम मिलता है। **हिचकी में चना के फायदे भूख को बढ़ाने के लिए दालचीनी का सेवन** 500 मिग्रा शुंठी चूर्ण, 500 मिग्रा इलायची, तथा 500 मिग्रा दालचीनी को पीस लें। भोजन के पहले सुबह-शाम लेने से भूख बढ़ती है। उल्टी को रोकने के लिए दालचीनी का प्रयोग दालचीनी का प्रयोग उल्टी रोकने के लिए भी किया जाता है। दालचीनी, और लौंग का काढ़ा बना लें। 10-20 मिली मात्रा में पिलाने से उल्टी पर रोक लगती है। **आंखों के रोग में दालचीनी का प्रयोग** अनेक लोग बराबर शिकायत करते हैं कि उनकी आंखें फड़कती रहती हैं। दाल. चीनी का तेल आंखों के ऊपर (पलक पर) लगाएं। इससे आंखों का फड़कना बन्द हो जाता है, और आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। दांत के दर्द से आराम पाने के लिए दालचीनी का सेवन जिन लोगों को दांत में दर्द की शिकायत रहती है, वे लोग दालचीनी का फायदा ले सकते हैं। दालचीनी के तेल को रूई से दांतों में लगाएं। इससे आराम मिलेगा। दालचीनी के 5-6 पत्तों को पीसकर मंजन करें। इससे दांत साफ, और चमकीले हो जाते हैं। **दालचीनी का प्रयोग कर सिर दर्द से आराम** अगर आप सिर दर्द से परेशान रहते हैं, तो दालचीनी का सेवन करें। दालचीनी के 8-10 पत्तों को पीसकर लेप बना लें। दालचीनी के लेप को मस्तक पर लगाने से ठंड, या गर्मी से होने वाली सिर दर्द से आराम मिलता है। आराम मिलने पर लेप को धोकर साफ कर लें। दालचीनी के तेल से सिर पर मालिश करें। इससे सर्दी की वजह से होने वाले सिरदर्द से आराम मिलती है। दालचीनी, तेजपत्ता, तथा चीनी को बराबर-बराबर मात्रा में मिला लें। इसे चावल के धोवन (चावल को धोने के बाद निकाला गया पानी) से पीस कर बारीक चूर्ण बना लें। इसे नाक के रास्ते लें। इसके बाद गाय के घी को भी नाक के रास्ते लें। इससे सिर से संबंधित विकारों में आराम मिलता है। आप तंत्रिका-तंत्र संबंधी परेशानियों के लिए दालचीनी के तेल को सिर पर लगाएं। इससे फायदा होता है। **जुकाम में दालचीनी का इस्तेमाल** दालचीनी को पानी में घिस कर, गर्म कर लें, और लेप के रूप में लगाएं। इससे जुकाम में फायदा होता है। दालचीनी का रस निकालकर सिर पर लेप करने से भी लाभ होता है। दालचीनी के उपयोग से खांसी में फायदा खांसी के इलाज के लिए दालचीनी का प्रयोग करना फायदेमंद होता है। खांसी से परेशान रहने वाले लोग आधा चम्मच दालचीनी के चूर्ण को, 2 चम्मच मधु के साथ सुबह-शाम सेवन करें। इससे खांसी से आराम मिलता है। दालचीनी के पत्ते का काढ़ा बना लें। 10-20 मिली मात्रा में सेवन करने से खांसी ठीक होती है। एक चौथाई चम्मच दालचीनी के चूर्ण में 1 चम्मच मधु को मिला लें। इसे दिन में तीन बार सेवन करने से खांसी, और दस्त में फायदा होता है। नाक के रोग में दालचीनी का इस्तेमाल दालचीनी 3½ ग्राम, लौंग 600 मिग्रा, सोंठ 2 ग्राम को एक लीटर पानी में उबाल लें। जब यह पानी 250 मिली रह जाए, तो इसे छान लें। इसको दिन में 3 बार लेने से नाक के रोग में लाभ होता है। आपको इसे 50 मिली की मात्रा में लेना है। पेट फूलने पर दालचीनी से फायदा पेट से संबंधित कई तरह के रोगों में दालचीनी बहुत ही फायदेमंद होती है। 5 ग्राम दालचीनी चूर्ण में 1 चम्मच मधु मिला लें। इसे दिन में 3 बार सेवन करें। पेट के फूलने की बीमारी ठीक होती है। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए दालचीनी का उपयोग जिन लोगों के शरीर का वजन अधिक होता है, वे वजन को कम करने के लिए कई तरह के उपाय करते हैं। आप भी मोटापा कम करने में दालचीनी से फायदा ले सकते हैं। एक कप पानी में दो चम्मच मधु, तथा तीन चम्मच दालचीनी का चूर्ण मिला लें। इसका रोज 3 बार सेवन करें। इससे कोलेस्ट्राल कम होता है। **दस्त पर रोक लगाने के लिए दालचीनी का उपयोग** 5 ग्राम दालचीनी चूर्ण में 1 चम्मच मधु मिला लें। इसे दिन में 3 बार सेवन करें। इससे दस्त में फायदा होता है। 750 मिग्रा दालचीनी के चूर्ण में 750 मिग्रा कत्था चूर्ण मिला लें। इसे पानी के साथ दिन में तीन बार सेवन करें। इससे दस्त पर रोक लगती है। इसी तरह 4 ग्राम दालचीनी, तथा 10 ग्राम कत्था को मिलाकर पीस लें। इसमे 250 मिली खौलते हुए पानी में डालकर ढक दें। दो घंटे बाद इसे छानकर दो हिस्से करके पिएं। इससे दस्त बन्द हो जाते हैं। बेलगिरी के शर्बत में 2-5 ग्राम दालचीनी का चूर्ण मिला लें। इसे सुबह-शाम पीने से दस्त की समस्या में लाभ होता है। 10-20 मिली दाल. चीनी का काढ़ा पीने से पेट संबंधी बीमारियों में लाभ होता है। दालचीनी की जड़, और छाल का काढ़ा बना लें। इसे 10-20 मिली की मात्रा में पिएं। इससे आमाशय विकार, और दस्त में लाभ मिलता है। आमाशय विकार में दालचीनी का प्रयोग दालचीनी (सिनेमन), इलायची, और तेजपत्ता को बराबर-बराबर लेकर काढ़ा बना लें। इसके सेवन से आमाशय की ऐंठन ठीक होती है। दाल. चीनी के 5-10 मिली तेल को 10 ग्राम मिश्री के साथ खाने से आमाशय में होने वाला दर्द, और उल्टी में लाभ मिलता है। आंतों के रोग में दालचीनी के सेवन से फायदा आंतों को स्वस्थ रखने के लिए भी दालचीनी का इस्तेमाल करना अच्छा परिणाम देता है। दालचीनी (सिनेमन) का तेल पेट पर मलने से आंतों का खिंचाव दूर हो जाता है। प्रसव के बाद दालचीनी के सेवन से फायदा त्रिकटु, पीपरामूल, दालचीनी, इलायची, तेजपात, तथा अकरकरा लें। इनके 1-2 ग्राम चूर्ण को शहद के साथ चाटें। इससे मां बनने वाली महिलाओं के रोग ठीक हो जाते हैं। चर्म रोग में दालचीनी से फायदा चर्म रोग को ठीक करने के लिए शहद एवं दालचीनी को मिलाकर रोग वाले अंग लगाएं। आप देखेंगे कि थोड़े ही दिनों में खुजली-खाज, तथा फोड़े-फुन्सी ठीक होने लगेंगे। दालचीनी के सेवन से बुखार में लाभ 1 चम्मच शहद में 5 ग्राम दालचीनी का चूर्ण मिला लें। सुबह, दोपहर और शाम को सेवन करने से ठंड के साथ आने वाला संक्रामक बुखार ठीक होता है।

**बहरेपन की समस्या में दालचीनी से लाभ** बहरापन एक ऐसी बीमारी है, जिसके कारण जीवन जीना मुश्किल हो जाता है। बहरेपन के इलाज में भी दालचीनी से फायदा होता है। इसके लिए दालचीनी के तेल को कान में 2-2 बूंद डालें। बहरेपन में लाभ होता है। **दालचीनी का उपयोग कर रक्तस्राव पर रोक** अगर फेफड़ों, या गर्भाशय से रक्तस्राव हो रहा है तो दालचीनी का काढ़ा 10-20 मिली पिएं। आपको काढ़ा को सुबह, दोपहर तथा शाम पीना है। इससे लाभ पहुंचता है। शरीर के किसी भी अंग से रक्तस्राव होने पर एक चम्मच दालचीनी चूर्ण को एक कप पानी के साथ सेवन करें। इसे 2-3 बार सेवन करना है। साइनस में दालचीनी से फायदा दालचीनी, आक का दूध, तथा दारुहल्दी को पीस लें। इसका पेस्ट (बत्ती के जैसा) बना लें। साइनस में नाक के अंदर घाव बन जाता है, इसे उस घाव पर लगाएं। इससे घाव को भर दें। इससे साइनस में **फायदा होता है। टीबी में दालचीनी से लाभ** टीबी एक जानलेवा बीमारी है, जिससे देश भर में कई लोग ग्रस्त हैं। पतंजलि के अनुसार, टीबी के इलाज के लिए दालचीनी से लाभ मिलता है। टीबी मरीज को दालचीनी के तेल को थोड़ी मात्रा में पीना है। इससे टीबी के कीटाणु खत्म हो जाते हैं। **गठिया में फायदेमंद दालचीनी का उपयोग** 10-20 ग्राम दालचीनी के चूर्ण को 20-30 ग्राम मधु में मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे दर्द वाले स्थान पर धीरे-धीरे मालिश करें। इससे फायदा मिलेगा। इसके साथ-साथ एक कप गुनगुने पानी में 1 चम्मच मधु, एवं दालचीनी का 2 ग्राम चूर्ण मिला लें। इसे सुबह, दोपहर, तथा शाम सेवन करें। गठिया में लाभ देता है। दालचीनी के पत्ते के तेल को लगाने से भी गठिया में आराम मिलता है। **दालचीनी के नुकसान** जैसे कोई भी चीज किसी के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन जरूरी नहीं कि इससे सभी को फायदा मिले। दूसरे व्यक्ति को उससे हानि भी हो सकती है। इसी तरह दालचीनी के नुकसान भी होते हैं, जो ये हैं:-दालचीनी का अधिक मात्रा में सेवन करने से सिर में दर्द की शिकायत हो सकती है। दालचीनी गर्भवती स्त्रियों को नहीं देनी चाहिए, क्योंकि यह गर्भ को गिरा देती है। दालचीनी को गर्भाशय में भी रखने से भी गर्भ गिर जाता है। इसलिए दालचीनी के नुकसान से बचने के लिए इस्तेमाल से पहले चिकित्सक से सलाह जरूर लें। दालचीनी के उपयोगी भाग दालचीनी का सेवन कई तरह से किया जा सकता है, जो ये हैं:- पत्ते, छाल, तेल **दालचीनी का इस्तेमाल कैसे करें?** छाल का चूर्ण- 1 से 3 ग्राम, पत्तों का चूर्ण- 1 से 3 ग्राम, तेल- 2 से 5 बूंद आयुर्वेद के अनुसार, सर्दियों में दालचीनी का सेवन काफी फायदेमंद होता है। वैसे तो अधिकांश घरों में दालचीनी का उपयोग मसाले के रूप में होता है लेकिन आप चाहें तो चाय या काढ़ा के रूप में इसका सेवन कर सकते हैं। चाय में दालचीनी डालने से एक तो चाय का स्वाद बढ़ जाता है और दूसरा यह सर्दी से भी बचाव करती है। आयुर्वेदिक विशेषज्ञों के अनुसार, दालचीनी मेटाबॉलिज्म को बेहतर करती है जिससे वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। अगर आप बढ़ते वजन से परेशान हैं तो नियमित रूप से दालचीनी के पाउडर या इससे बने काढ़े का उपयोग करें। इस बात का ध्यान रखें कि कभी भी अधिक लाभ के चक्कर में बहुत अधिक मात्रा में दालचीनी का सेवन ना करें। दालचीनी का पाउडर घर पर बनाना बहुत ही आसान है। इसके लिए दालचीनी के टुकड़ों को धूप में सुखा लें। इसके बाद इन टुकड़ों को खरल (कूटने के लिए उपयोग में लाए जाना वाला उपकरण) में डालकर कूट लें। इन कूटे हुए दालचीनी के टुकड़ों को ग्राइंडर में डालकर बारीक पीस लें. अब आपका दालचीनी पाउडर उपयोग के लिए तैयार है, इसे किसी साफ सूखे एयर टाइट डिब्बे में स्टोर कर लें। रोजाना सीमित मात्रा में इसका उपयोग करें। दालचीनी का काढ़ा इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए सबसे अच्छा घरेलू उपाय है। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बताए गए हर्बल काढ़े में भी दालचीनी मुख्य घटक के रूप में शामिल है। सर्दियों में होने वाली मौसमी बीमारियाँ जैसे कि सर्दी-खांसी, गले में खराश आदि से राहत पाने के लिए दालचीनी के काढ़े का उपयोग करना चाहिए।



## ठाणे जिले में बाल कुपोषण के 1,000 से अधिक मामले: अधिकारी

**ठाणे:** अधिकारियों के अनुसार, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बाल कुपोषण के 1,000 से अधिक मामले पाए गए हैं, जो मुंबई के पड़ोसी हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्तमान में जिले में गंभीर तीव्र कुपोषण के 83 मामले और मध्यम तीव्र कुपोषण के 1,161 मामले हैं। ठाणे में छह महीने के भीतर कुपोषण को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनुज जिंदल ने जिले के शाहपुर तालुका में कुछ कुपोषित बच्चों के परिवारों से मिलने के बाद कहा। कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी लाने के लिए जिले में कुपोषण मुक्ति सहयोगी दत्तक-पालक अभियानश शुरू किया गया है, जिसके तहत सरकारी अधिकारी एक-एक बच्चे को गोद लेंगे और उसकी देखभाल करेंगे। अपने दौरे के दौरान सीईओ ने गांवों में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों और बाल उपचार केंद्रों में किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को हर 15 दिन में गोद लिए गए बच्चों के संपर्क में रहने के लिए कहा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों, नर्सों और पर्यवेक्षकों को कुपोषित बच्चों से रोजाना मिलने और उनकी प्रगति की जांच करने का निर्देश दिया।

## अवैध कारोबार

प्राप्त समाचार के अनुसार बिहार के किशनगंज जिले में गाछपारा के बोमा बस्ती में सदर पुलिस ने 21 यूनिट ब्लड जब्त किया है। इसके अलावा ब्लड का छह खाली पाउच भी जब्त किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि यहां पर ब्लड अवैध कारोबार चल रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने गाछपारा में जाकर छापेमारी की। पुलिस ने इस मामले की पड़ताल के लिए ड्रग इंस्पेक्टर को सूचना दी। ड्रग इंस्पेक्टर ने भी सदर थाना पहुंचकर मामले की जांच की। एसपी डा0 इनाम उल हक मेगनु ने बताया कि मामले की पड़ताल की जा रही है।


## AUTHORIZED DISTRIBUTORS OF ADR BOOK

| Location | Party Name | Contact No. |
|---|---|---|
| Agra | Satish Book Enterprises | 9997877123 |
| Ahmedabad | Bharat Medical Book House | 9824013920 |
| Akola | Book Emporium | 9422861751 |
| Aligarh | Rama Book Store | 9319275252 |
| Allahabad | Chetana Medical Books | 9307978423 |
| Amritsar | City Book Shop | 0183-2571591 |
| Amritsar | Medical Books & Surgicals Centre | 0183-2422729 |
| Aurangabad | Arihant Excel Medical Book House | 9822259681 |
| Aurangabad | Shri Samarth Book Depot | 9822034577 |
| Belgaun | Shri Ganesh Book Stall | 8312461258 |
| Berhampur | Book World | 9861015189 |
| Bhagalpur | Kora Kagaz | 9771511779 |
| Bhopal | Lyall Book Depot | 0755-2543624 |
| Bhubaneswar | Annapurna Medical Book Shop | 9861243882 |
| Bikaner | Academy Book Centre | 9414138998 |
| Burla | Bharat Book Emporium | 9337335744 |
| Calicut | Ramdas Sotes & Books | 0495-2358398 |
| Chennai | Chennai Medical Book Centre | 044-66246369 |
| Chennai | Shah Medical Books | 9444829937 |
| Coimbatore | Arasu Medical Book House | 9444308567 |
| Coimbatore | Balaji Medical Books | 0422-6725292 |
| Coimbatore | Dass Medical Book Shop | 9443958620 |
| Cuttack | Scientific Book Depot | 9437020414 |
| Delhi | Mirza Book Depot | 9958723206 |
| Delhi | Pawan Book Service | 9810202316 |
| Delhi | R.S.Book Store | 9810546759 |
| Delhi | Sagar Book Depot | 9811680722 |
| Delhi | University Book Store | 9818357577 |
| Dhulea | Koshal Book Shop | 9423916592 |
| Gorakhpur | Medical Book Centre | 9450884543 |
| Gwalior | Anand Pustak Sadan | 9425114555 |
| Indore | New Jain Book Stall | 9926636333 |
| Indore | Scientific Literature Company | 9826299744 |
| Jabalpur | Lords Book Sellers | 9425155125 |
| Jabalpur | Akash Pustak Sadan | 9826563047 |
| Jaipur | Kumar Medical Book Store | 9829610430 |
| Jammu | Bhartiya Pustakalaya | 9796636000 |
| Jammu | Narend Book Depot | 9419114398 |
| Jamnagar | Jay Medical Book Centre | 9925236982 |
| Jodhpur | Book World | 9829088088 |
| Jorhat | Naveen Pustakalaya | 9435514204 |
| Kolhapur | Ajab Pustakalaya | 9881424434 |
| Kolkata | Raj Book House | 9432550891 |
| Kota | R.K.Stationers | 9829087574 |
| Koti Hyderabad | Osmani Medical Book House | 040-64644253 |
| Koti Hyderabad | Paras Medical Books Pvt Ltd. | 040-24600869 |
| Koti Hyderabad | Sharp Medical Book Centre | 040-65544303 |
| Lucknow | Aditya Medical Books Pvt Ltd. | 0522-2611724 |
| Lucknow | Arora Book Agencies | 0522-4046778 |
| Ludhiana | Verma Book Depot | 9872202530 |
| Madurai | Medical Books & International | 9344101063 |
| Meerut | City Book Centre | 0121-4006292 |
| Meerut | Menakshi Prakashan | 0121-2645498 |
| Meerut | R LAL Book Depot | 0121-2666235 |
| Mumbai | The National Book Depot | 022-24131362 |
| Mumbai | Vikas Medical Book House Pvt Ltd. | 022-23010441 |
| Mumbai | Bhalani Medical Book House | 022-24171660 |
| Nagpur | New Medical Book Shop | 9822225591 |
| Nagpur | Book Source | 9850943011 |
| Patna | Current Book Service | 9431077745 |
| Pune | J D Granth Bhandar | 020-24492832 |
| Raipur | S.K.Medical Book House | 9329637397 |
| Raipur | Sristhi Book Stationery Mart | 9300855027 |
| Rajkot | Jay Books Medical Book | 9925236984 |
| Ranchi | Student Book Depot | 0651-2221907 |
| Saharanpur | Hans Pustak Bhandar | 9457449388 |
| Sangli | Tanavade & Sons | 9823049499 |
| Sri Nagar | Doctors Dotkom | 9086454647 |
| Tirupati | Shri Venketswar Book Depot | 9885479105 |
| Trivandram | Professional Book House | 9495951506 |
| Varanasi | Atithi Medical Books | 9307978423 |
| Varanasi | Current Book Agency | 9335015235 |
| Visakhapatnam | Andhra Medical Book Centre | 9985716032 |
| Visakhapatnam | World Medical Book Centre | 9849022192 |




## पीनट बटर के फायदे

मूंगफली ही नहीं, इससे बनने वाला मक्खन भी आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। नाश्ते में इसका इस्तेमाल आपके हृदय स्वास्थ्य को भी बनाए रख सकता है। अक्सर आपने ये सुना होगा कि ड्राई फ्रूट्स हमारी सेहत के लिए काफी लाभकारी होते हैं। लेकिन इनमें से कुछ मेवों की कीमत काफी ज्यादा होती है जिस वजह से हर कोई इन्हें नहीं खरीद सकता है। लेकिन कुछ नट्स ऐसे भी होते हैं जो कीमत में तो काफी कम होते हैं साथ ही पोषक तत्वों का खजाना भी होते हैं। इनमें से ही एक है मूंगफली। आज कल पीनट बटर (Peanut Butter) का चलन काफी बढ़ गया हैं जोकि सही भी है क्योंकि ये न सिर्फ स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ (Peanut butter benefits) भी हैं। **क्यों इतना खास है पीनट बटर?** पीनट बटर (Peanut Butter) वैसे तो बटर ही होता है, लेकिन इसे बनाने की प्रक्रिया आम बटर (Butter) बनाने की प्रक्रिया से बिल्कुल अलग होती है। पहले मूंगफली को भूना जाता है। इसके बाद में शहद, नमक व पीनट ऑयल के साथ अन्य सामग्रियों को मिलाकर इसका पेस्ट तैयार किया जाता है। इसमें शामिल पोषक तत्व कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत पहुंचा सकते हैं। पीनट बटर खाने से वजन कम होता है। आपकी सेहत के लिए पीनट बटर के फायदे **हार्ट रहता है हेल्दी**- पीनट में पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड मौजूद होता है। शरीर में मौजूद खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने के लिए पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड सहायक होता है, जिससे हार्ट से संबंधित होने वाली बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। **हड्डियों को मिलती है मजबूती**-पीनट बटर में आयरन और कैल्शियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। और हड्डी टूटने का खतरा काफी कम हो जाता है। **प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत**-पीनट बटर प्रोटीन के बेहतरीन स्रोतों में से एक माना जाता है। शरीर को दुरुस्त रखने के लिए प्रोटीन की मात्रा भी आवश्यक होती है। इसलिए, प्रोटीन की पूर्ति करने के लिए पीनट बटर का सेवन उचित विकल्प है। 100 ग्राम पीनट में करीब 25.80 ग्राम प्रोटीन की मात्रा पाई जाती है। **ब्लड शुगर लेवल रहता है कंट्रोल**- पीनट को मधुमेह के लिए सुपर फूड की सूची में रखा जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि यह मैग्नीशियम व फाइबर जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होता है और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है। **कैंसर का जोखिम होता है कम**- पीनट बटर में कैंसर रोधी गुण पाए जाते हैं। असल में, मूंगफली रेस्वेराट्रोल नामक पोषक तत्व से भरपूर होता है। यह तत्व एक कारगर पॉलीफेनोल एंटीऑक्सीडेंट की तरह कार्य करता है। मूंगफली का यह गुण कैंसर से लड़ने में सहायक हो सकता है। **नहीं बढ़ता मोटापा**- पीनट बटर में भरपूर मात्रा में कैलोरी, प्रोटीन और फाइबर पाया जाता है। इसके सेवन से आपको लंबे समय तक भूख का एहसास नहीं होता है। जिससे आप बार-बार खाना खाने से बचते हैं और आपका वजन कंट्रोल में रहता है। **आंखें रहती हैं स्वस्थ**-आंखों के लिए विटामिन ई को बेहद जरूरी माना जाता है, जो आंखों से जुड़ी परेशानियों से बचाव का कार्य कर सकता है। आंखों के लिए विटामिन ई की पूर्ति के लिए पीनट बटर का इस्तेमाल एक बेहतरीन विकल्प है।















## स्वप्न शास्त्र



डॉ सुरेन्द्र कुमार शर्मा

### अपनी दाढ़ी काली देखना

भाग्योदय होगा तथा आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा अकस्मात धन की प्राप्ति होगी तथा प्रसन्नता प्राप्त होगी। विरोधियों पर दबदबा बना रहेगा तथा शत्रु मुंह की खाएंगे। परिस्थितियां अनुकूल बनेंगी तथा समय साथ देगा। रूके हुए धन की प्राप्ति होगी तथा धन का उपयोग किसी नवीन कार्य में होगा। बल तथा पराक्रम में वृद्धि होगी तथा मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। कानूनी समस्याओं का समाधान होगा तथा अदालत सम्बंधी निर्णय लाभदायक सिद्ध होगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी तथा सम्बंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी तथा कार्य में आने वाली विघ्न-बाधाओं की शंति होगी तनाव से मुक्ति मिलेगी। शुभ कार्यो पर धन का व्यय होगा तथा शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। नयी-नयी योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। उत्साह में वृद्धि होगी तथा व्यवसायिक कार्यो में सफलता प्राप्त होगी। किसी अंजान व्यक्ति के निकट आएंगे तथा उसके साथ मित्रवत् सम्बंध स्थापित होंगे। घरेलू कार्य सुचारू रूप से चलेंगे तथा मन प्रसन्न रहेगा।

### मुख से थूक बहना

घरेलू समस्याओं में उलझे रहेंगे तथा मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। आर्थिक समस्याओं के फलस्वरूप घर में अशांति एवं कलह का वातावरण बना रहेंगे। क्रियाशीलता में कमी आएगी तथा आलस्य में वृद्धि होगी। कार्यो के प्रति रूचि समाप्त होगी तथा धन की कमी बनी रहेगी। - डा सुरेन्द्र कुमार शर्मा, मो 9711034710, 8630907504.

## जनवरी एवं फरवरी माह के व्रत एवं त्यौहार

| | |
|---|---|
| 20.01.2024 | दशमी |
| 21.01.2024 | एकादशी व्रत |
| 23.01.2024 | त्रयोदशी |
| 25.01.2024 | पूर्णिमा व्रत |
| 26.01.2024 | गणतन्त्र दिवस |
| 31.01.2024 | पंचमी |
| 4.02.2024 | नवमी |
| 9.02.2024 | अमावस्या |
| 14.02.2024 | बसन्त पंचमी |
| 20.02.2024 | एकादशी व्रत |

www.medicaldarpan.com









+ Veterinary Division +
GRAMPUS
MANUFACTURER of ECTOPARASITICIDES
Email-id: sales.grampus@gmail.com
Web Site: www.grampuslaboratories.com

| | | |
|---|---|---|
| 1. | AMITRAZ | -5% & 12.5% |
| 2. | AMITRAZ | -2% POUR ON |
| 3. | FLUMETHRIN | -1% POUR-ON |
| 4. | CYPERMETHRIN | -1%, 10%,12%, 15% |
| 5. | CYPERMETHRIN | -10% + ETHION 8% |
| 6. | CYPERMETHRIN | -1%, 10% POWDER |
| 7. | DELTAMETHRIN | -1.25% , 1.75%, 2.5% |
| 8. | PERMETHRIN | -2%, 5%, 10%, 11% |
| 9. | FIPRONIL | -0.25%, 1%, 9.7% |

ALL PACKS AVAILABLE IN ALUMINIUM, TIN & PET BOTTLES
6ml, 15ml WALL HANGING TRAY PACKS AVAILABLE
FOR PCD & THIRD PARTY : 099960-19744, 78762-20222.
GRAMPUS LABORATORIES

Franchise
Skin Specialist
Products
A Fastest Growing Derma Company With Latest Products........
150 Franchisee All India
e-derma
Pharma India Pvt. Ltd.



More than 200 Products
9034435000, 9034635000
edermapharma@hotmail.com
www.edermapharma.com

www.medicaldarpan.com

Our Range
TABLET
CAPSULE
DRY SYRUP
OINTMENT
SYRUP
INJECTABLE
HERBAL PRODUCTS
SHAMPOO
SOAP
SOFT GEL
PROTEIN POWDER
SACHET
Our Group Companies
ZANEKA Healthcare Ltd.
Ambience Pharma
R.D.N. PHARMACEUTICALS
Avrio Lifecare
Ambience Pharma
Contributing to the HEALTH of Individuals WORLD WIDE
Why WE ?
- Attractive Packing & Best Quality Medicines
- Latest Molecules & High Efficacy
- Monopoly Rights & Timely Delivery
- Competitive Price with Best Promotional Inputs
- Special Schemes for Nursing Homes & Hospitals.
- Wide Range of More than 400 Products
OUR TOP SELLING PRODUCTS
- Ampicillin 250 mg + Dicloxacillin 250 mg Capsule
- Itraconazole 400 SR / 200/ 100 Capsules
- Levofloxacin 250 mg + Ornidazole 500 mg Tablets/Kid Suspension
- Etoricoxib 60 mg + Thiocolchicoside 4 mg Tablets
- Rabeprazole 20 mg + Domperidone 30 mg Capsules
- Esomeprazole 40 mg + Domperidone 30 mg Capsules
- Cefpodoxime Proxetil 200 mg + Ofloxacin 200 mg Tablets
- Lyophilized Sachromyces Boulardii Sachets
- Rabeprazole 20 mg + Levosulpiride 75 mg Capsules
- Lactitol Suspension
- Clopidogrel Tablets 75 mg
- Codeine Syrup
- Lactulose 10 g + White Dextrin 3.5 g + Polydextrose 2.1 g & Fructo-oligosaccharides 2.5 g Suspension
Third Party Manufacturing in WHO-GMP Unit
Dedicated Plant for Clav Products.
TRADE ENQUIRES ARE WELCOME FOR PCD / FRANCHISEE / THIRD PARTY MANUFACTURING AT :-
Ph. +91-9997971077, +91-9627761357
Email :- ambiencepharma@gmail.com
www.ambiencepharma.com

## मनुष्य शरीर स्थित कुंडलिनी शक्ति चक्र

मनुष्य शरीर स्थित कुंडलिनी शक्ति में जो चक्र स्थित होते हैं उनकी संख्या सात बताई गई है। इन चक्रों के विषय में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गोपनीय जानकारी यहां दी गई है। यह जानकारी शास्त्रीय, प्रामाणिक एवं तथ्यात्मक है-

(1) **मूलाधार चक्र** - गुदा और लिंग के बीच चार पंखुरियों वाला आधार चक्र है। आधार चक्र का ही एक दूसरा नाम मूलाधार चक्र भी है। वहाँ वीरता और आनन्द भाव का निवास है।

(2) **स्वाधिष्ठान चक्र** - इसके बाद स्वाधिष्ठान चक्र लिंग मूल में है। उसकी छः पंखुरियाँ हैं। इसके जाग्रत होने पर क्रूरता, गर्व, आलस्य, प्रमाद, अवज्ञा, अविश्वास आदि दुर्गणों का नाश होता है।

(3) **मणिपूर चक्र** - नाभि में दस दल वाला मणिचूर चक्र है। यह प्रसुप्त पड़ा रहे तो तृष्णा, ईर्ष्या, चुगली, लज्जा, भय, घृणा, मोह, आदि कषाय-कल्मष मन में लड़ जमाये पड़े रहते हैं।

(4) **अनाहत चक्र** - हृदय स्थान में अनाहत चक्र है। यह बारह पंखरियों वाला है। यह सोता रहे तो लिप्सा, कपट, तोड़ -फोड़, कुतर्क, चिन्ता, मोह, दम्भ, अविवेक अहंकार से भरा रहेगा। जागरण होने पर यह सब दुर्गुण हट जायेंगे।

(5) **विशुद्धख्य चक्र** - कण्ठ में विशुद्धख्य चक्र यह सरस्वती का स्थान है। यह सोलह पंखुरियों वाला है। यहाँ सोलह कलाएँ सोलह विभूतियाँ विद्यमान है।

(6) **आज्ञाचक्र** - भ्रूमध्य में आज्ञा चक्र है, यहाँ उद्गीय, हूँ, फट, विषद, स्वधा स्वहा, सप्त स्वर आदि का निवास है। इस आज्ञा चक्र का जागरण होने से यह सभी शक्तियाँ जाग पड़ती हैं।

(7) **सहस्रार चक्र** - सहस्रार की स्थिति मस्तिष्क के मध्य भाग में है। शरीर संरचना में इस स्थान पर अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथियों से सम्बन्ध रैटिकुलर एक्टिवेटिंग सिस्टम का अस्तित्व है। वहाँ से जैवीय विद्युत का स्वयंभू प्रवाह उभरता है।

**कुण्डलिनी जागरण: विधि और विज्ञान:-** कुंडलिनी जागरण का अर्थ है मनुष्य को प्राप्त महानशक्ति को जाग्रत करना। यह शक्ति सभी मनुष्यों में सुप्त पड़ी रहती है। कुण्डली शक्ति उस ऊर्जा का नाम है जो हर मनुष्य में जन्मजात पायी जाती है। यह शक्ति बिना किसी भेदभाव के हर मनुष्य को प्राप्त है। इसे जगाने के लिए प्रयास या साधना करनी पड़ती है। जिस प्रकार एक नन्हें से बीज में वृक्ष बनने की शक्ति या क्षमता होती है। ठीक इसी प्रकार मनुष्य में महान बनने की, सर्वसमर्थ बनने की एवं शक्तिशाली बनने की क्षमता होती है। कुंडली जागरण के लिए साधक को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्तर पर साधना या प्रयास पुरुषार्थ करना पड़ता है। जप, तप, व्रत-उपवास, पूजा-पाठ, योग आदि के माध्यम से साधक अपनी शारीरिक एवं मानसिक, अशुद्धियों, कमियों और बुराइयों को दूर कर सोई पड़ी शक्तियों को जगाता है। अतः हम कह सकते हैं कि विभिन्न उपायों से अपनी अज्ञात, गुप्त एवं सोई पड़ी शक्तियों का जागरण ही कुंडली जागरण है। योग और अध्यात्म की भाषा में इस कुंडलीनी शक्ति का निवास रीढ़ की हड्डी के समानांतर स्थित छः चक्रों में माना गया है। कुण्डलिनी की शक्ति के मूल तक पहुंचने के मार्ग में छः फाटक है अथवा कह सकते हैं कि छः ताले लगे हुए है। यह फाटक या ताले खोलकर ही कोई जीव उन शक्ति केंद्रों तक पहुंच सकता है। इन छः अवरोधों को आध्यात्मिक भाषा में षट्-चक्र कहते हैं। ये चक्र क्रमशः इस प्रकार है: मूलधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपुर चक्र, अनाहत चक्र, विशुद्धाख्य चक्र, आज्ञाचक्र। साधक क्रमशः एक-एक चक्र को जाग्रत करते हुए। अंतिम आज्ञाचक्र तक पहुंचता है। मूलाधार चक्र से प्रारंभ होकर आज्ञाचक्र तक की सफलतम यात्रा ही कुण्डलिनी जागरण कहलाता है।

- वेद अमेन्द्रमोहन, गोरखपुर,
मो 9415037450.

Arvincare
An ISO 9001:2015 Certified Company
COPP+DOSSIER DOCUMENTS AVAILABLE
WE OFFER 3RD PARTY/EXPORT MANUFACTURING WITH WIDE RANGE OF FORMULATIONS WITH BEST QUALITY
MANUFACTURER & EXPORTER OF
DRY INJECTIONS / LIQUID INJECTIONS (Beta Lactum And Non Beta Lactum)
EYE DROPS
OINTMENTS
TABLETS (Beta Lactum And Non Beta Lactum)
EAR DROPS
NEWLY LAUNCHED ONCO RANGE
CAPSULES (Beta Lactum And Non Beta Lactum)
NASAL DROPS
Our Manufacturing Unit
SALUS PHARMACEUTICALS www.saluspharmaceuticals.com WHO
SUNVET HEALTHCARE sunvethealthcare.com
Head Office : S.C.O. 62, Sector-12-A, Panchkula (HR) 134 113
arvincare@gmail.com/arvincare.com
+91 9216437557/9988844053

"Exclusive marketing & distribution with Monopoly Rights for (Distributors / MRs / ASMs / RSMs) in Unrepresented Area India.
Start Your OWN BUSINESS TODAY
JOIN OUR PHARMA FRANCHISE
Wide Range of Products Covering All Major SEGMENTS



Why FIERCEONE Pharmaceuticals ?
- Our mots brands are Registered and Trademarked
- Satisfied more than 1000+ customers.
- Excellent Packing, Reasonable MRP with Competitive price.
- Providing Visual Aids or E-Detailing facilities on your table.
- Catchy Brand Name
Our Segments
- Tablet / Capsule
- Softgel Capsule
- Suspension / Syrup
- Oral Liquid & Dry Syrup
- Cream, Gel
- Ointment
FOR ANY REQUIREMENT OF READY PRODUCTS YOU CAN CONTACT US
+91 7217014263 outsourcing@fierceonepharma.com

Park
ISO GMP GLP WHO-COMPLIENS SCHEDULE M
Manufacturing Facility at Baddi, Himachal Pradesh
TABLETS CAPSULES LIQUIDS
INJECTION EYE/EAR & NASAL DROPS DRY SYRUP
Proposals Invited for Marketing Tie-ups, Contact/Third Party Manufacuturing/Export Orders
Looking Distributors on PCD/Franchisee Basis in un-represented area
SCO-206, First Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
PH : +91 92170-80009, +91 92183 98388
PARK CARE SPACE CARE Care Health
Works : Village Kalujhanda, Teh. Baddi (H.P)
Corporate Office : SCO 206, Ist Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
E-mail : gmcontpark@gmail.com
Web Site : www.parkpharma.net

ब्रजेश कुमार गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटेड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं बी.एन.मैडीकल कॉम्प्लैक्स, बुलन्दशहर से प्रकाशित सम्पादक- ब्रजेश कुमार गर्ग.